जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 51 | संख्याः 35 | प्रभात | कोटा, मंगलवार, 18 नवम्बर, 2025 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

# नीतीश ने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने से किया इनकार, आखिर क्यों?

## विशेषज्ञों की मानें तो, या तो वे एनडीए में अपनी अथॉरिटी साबित कर रहे हैं या फिर कोई और बड़ा खेल करना चाहते हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 नवम्बर। बिहार विधानसभा चुनावों में निर्णायक जीत मिलने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की और इस दौरान इस्तीफ़ा देने से इनकार करके बिहार में राजनीतिक हलचल मचा दी। इस कदम ने उनके अगले क़दमों को लेकर अटकलों को और बढ़ा दिया है और इससे नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के अंदर नई दरारें उजागर हो गई हैं।

- **एनडीए की इकतरफा जीत के बाद भी नीतीश चुप हैं और उनकी चुप्पी से राजनैतिक हलकों में खलबली मच गई है, खासकर एनडीए में।**
- **नीतीश ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। मौन और इनकार से नीतीश ने भाजपा से सौदेबाजी करने की ताकत बढ़ा ली है और जिस प्रकार भाजपा ने नीतीश को मुख्यमंत्री बनाना स्वीकार कर लिया है, उससे जाहिर है कि नीतीश अपनी नीति में सफल हो रहे हैं।**
- **लेकिन, नीतीश इतने से ही संतुष्ट नहीं होंगे, इस बार वे अपनी शर्तों पर सरकार बनाएंगे। समझा जाता है कि नीतीश ने स्पीकर और उपमुख्यमंत्री के पद पर दावा तो किया ही है, साथ ही बिहार के लिए विशेष पैकेज भी मांगा है।**
- **इसी बीच यह भी चर्चा है कि महागठबंधन ने नीतीश को समर्थन देने की पेशकश की है। नीतीश के पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए पाला बदलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।**

एनडीए की भारी जीत के बावजूद, नीतीश की चुप्पी और उनकी रणनीतिक मुद्रा ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वे किसी प्लान बी की संभावना तलाश रहे हैं, जिसमें भाजपा शामिल न हो। शनिवार को भाजपा नेताओं ने दावा किया कि पार्टी हाईकमान को नीतीश के मुख्यमंत्री बने रहने पर "कोई आपत्ति नहीं" है, लेकिन जनता दल (यूनाइटेड) के भीतर की गतिविधियां बताती हैं कि अंदर ही अंदर कोई जटिल सौदेबाजी चल रही है।

जेडीयू नेतृत्व से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने भाजपा को साफ़

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## राज्य सरकार ने एसआई भर्ती रद्द करने के खिलाफ अपील की

जयपुर, 17 नवंबर। पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2021 को रद्द करने के एकलपीठ के आदेश के खिलाफ करीब ढ ाई माह बाद अब राज्य सरकार ने खंडपीठ में अपील दायर की है। सरकार की ओर से कहा गया कि कुछ लोगों की गलती के कारण पूरी भर्ती को रद्द नहीं किया जा सकता। परीक्षा केन्द्र से जो पेपर लीक हुआ था, वह कुछ अभ्यर्थियों तक ही पहुंचा था। इसके अलावा आरपीएससी के सदस्यों के जरिए लीक होने वाला पेपर भी उनके बच्चों और दलालों तक ही पहुंच पाया था। यदि जांच एजेंसियां भर्ती में सही और गलत की छंटनी कर सकती हैं तो कानूनन पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता।

- **हाई कोर्ट की एकल पीठ ने पेपर लीक के कारण एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को 28 अगस्त को रद्द किया था।**

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ ने गत 28 अगस्त को भर्ती को रद्द करने के संबंध में राज्य सरकार और आरपीएससी को निर्देश दिए थे। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने 8 सितम्बर को एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी। वहीं एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहे कैलाश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# चुनावी हार के लिए बलि का बकरा ढूंढ रही है कांग्रेस

## न कोई जिम्मेदारी, न जवाबदेही, फिर सफलता कैसे मिलेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 नवम्बर। राहुल गांधी और उनके साथियों ने बिहार में मिली करारी हार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, साथ ही, सूत्रों से पता चला है कि पार्टी नेतृत्व ने पंजाब पीसीसी अध्यक्ष राजा वड़िंग से इस्तीफ़ा देने को कह दिया है।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब पंजाब उपचुनाव में कांग्रेस चौथे स्थान पर रही है और अपनी ज़मानत भी नहीं बचा सकी।

कांग्रेस के लिए यह एक नई गिरावट है, जबकि वह लगातार दावा करती रही है कि चुनाव होते ही वह राज्य की सत्ता में लौट आएगी।

लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

पंजाब कांग्रेस को के.सी. वेणुगोपाल, एआईसीसी प्रभारी भूपेश बघेल के ज़रिए चला रहे हैं। बघेल, वेणुगोपाल को रिपोर्ट करते हैं और वहां एक समूह भी सक्रिय है, जिसमें पीसीसी अध्यक्ष भी शामिल थे, पर जिन्हें अब बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

राहुल के राज में पार्टी में न कोई ज़िम्मेदारी रही है, न जवाबदेही, और अब हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि राहुल और उनका समूह केवल "वोट चोरी" की बातों पर ही ध्यान दे रहे हैं, और वे यह मानने को तैयार ही नहीं है कि बिहार में उन्हें करारी हार मिली है।

- **कांग्रेस ने बिहार में हार को अस्वीकार कर दिया है और "वोट चोरी" को ही हार का कारण बताया जा रहा है।**
- **वहीं पंजाब में जीत का दावा कर रही कांग्रेस उपचुनाव में जमानत भी नहीं बचा पाई तो पीसीसी अध्यक्ष राजा वडिंग से इस्तीफा लेने की तैयारी की जा रही है, जबकि पंजाब में भूपेश बघेल बतौर प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल के कहे अनुसार काम कर रहे थे।**
- **मंगलवार को राहुल गांधी ने उन 12 राज्यों के पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं की बैठक बुलाई है, जहाँ एसआईआर की प्रक्रिया शुरु हुई हैं। सूत्रों का कहना है कि यह सब बिहार की हार से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि वहाँ भी पार्टी की दुर्दशा का एक बड़ा कारण राहुल के प्रतिनिधि के तौर पर पार्टी चला रहे के.सी. वेणुगोपाल की मनमानी को माना जा रहा है।**

उच्च स्तर के सूत्रों के अनुसार, नाराज़ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया कि पार्टी हर जगह क्यों हार रही है, फैसले कौन ले रहा है और किसी पर भी जिम्मेदारी क्यों तय नहीं की जा रही।

स्पष्ट है कि खड़गे का निशाना वेणुगोपाल, और पार्टी को राहुल के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बांग्लादेश की निर्वासित प्र.मंत्री शेख हसीना को मृत्युदंड

## बांग्लादेश सरकार द्वारा गठित इंटरनैशनल कोर्ट ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को मानवता के विरूद्ध अपराधी करार देकर मौत की सजा सुनाई

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 नवम्बर। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक ट्रिब्यूनल ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले साल हुए छात्र आंदोलन के दौरान अपराध करने और पुलिस को घातक कार्रवाई के आदेश देने के आरोप में मौत की सज़ा सुनाई है।

प्रधानमंत्री को मौत की सज़ा सुनाए जाने के साथ ही, उनकी देश वापसी की मांग तेज़ हो गई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों ने भारत से मांग की है कि वह शेख हसीना को वापस भेजे, जो आंदोलन के बाद भारत आ गई थीं।

- **शेख हसीना ने फैसले को एकतरफा और पक्षपातपूर्ण करार दिया और कहा कि कथित इंटरनैशनल कोर्ट ट्रिब्यूनल में किसी भी अन्य देश का कोई भी कानूनी विशेषज्ञ नहीं था।**
- **बांग्लादेश की तरफ से भारत सरकार से लिखित में मांग की गई है कि शेख हसीना फरार अपराधी हैं, उन्हें बांग्लादेश को सौंप दिया जाए, ऐसा नहीं करना गैर मित्रतापूर्ण कृत्य माना जाएगा।**
- **शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भी चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह वही पार्टी है, जिसने पाकिस्तान के अत्याचारों से बांग्लादेश को मुक्ति दिलाई थी।**

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पहले ही हसीना को उनके अपराधों के लिए मुकदमे का सामना करने के लिए वापस भेजने की मांग कर चुकी है। लेकिन भारत ने अब तक इस मांग को न तो माना है और न ही अंतरिम सरकार के दावे को मान्यता दी है। शेख हसीना ने अपनी तरफ से कहा है कि अंतरिम सरकार ने इन्टरनैशनल क्राइम ट्रिब्यूनल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'स्पीकर तय करें, न्यू ईयर कहां मनाना चाहते हैं'

नई दिल्ली, 17 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अध्यक्ष ने बीआरएस के 10 विधायकों जो कांग्रेस में शामिल हो गए, के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अदालत द्वारा तय समयसीमा में निर्णय नहीं लिया। चीफ

- **सीजेआई ने तेलंगाना स्पीकर को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस के दस विधायकों की अयोग्यता पर जल्दी फैसला करें अन्यथा इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ट्रंप का दबाव काम आया, भारत अमेरिका से एलपीजी खरीदेगा

## भारत ने अमेरिका से एक साल की डील की है, जिसमें 22 लाख टन एलपीजी खरीदी जाएगी

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 नवंबर। मोदी सरकार का अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का पहला ठोस सबूत सामने आया है। भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिकी लिक्विफाइड पैट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.) आयात के लिए एक साल का समझौता किया है। यह भारतीय बाज़ार के लिए अमेरिकी एल.पी.जी. का पहला व्यवस्थित अनुबंध है।

हालाँकि इस कदम को देश के ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने और व्यापार समझौते की बातचीत के बीच अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम बताया जा रहा है, लेकिन साफ़ दिखता है कि मोदी सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की धमकाने वाली दबाव नीति के आगे झुक गई है।

- **सरकार द्वारा इसे देश के ऊर्जा स्रोतों को विविधता देने का प्रयास बताया जा रहा है, पर आलोचक इसे ट्रंप की धमकी के आगे घुटने टेकना बता रहे हैं।**
- **जानकार सूत्रों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की तीन प्रमुख तेल कंपनियाँ अमेरिका से एलपीजी खरीदेंगी।**
- **भारत की एलपीजी की आवश्यकता अधिकांशतः सऊदी अरेबिया, यूएई, कतर और कुवैत से पूरी होती है। इस डील से इन देशों पर भारत की निर्भरता कम हो जाएगी।**

पैट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, जिनका नाम, कुख्यात एप्सटीन फाइलों में आने के कारण सवालों के घेरे में है, ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस सौदे को "ऐतिहासिक पहल" बताया।

उन्होंने कहा, "दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेज़ी से बढ़ रहे एल.पी.जी. बाज़ारों में से एक, अब संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुल गया है। भारत के लोगों को सुरक्षित और सस्ती एल.पी.जी. उपलब्ध कराने के प्रयास में हम लगातार अपने स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, भारतीय पी.एस.यू. तेल कंपनियों ने 2026 के लिए लगभग 2.2 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) एल.पी.जी., जो हमारे सालाना आयात का लगभग 10 प्रतिशत है, यह समझौता वर्ष 2026 के लिए अमेरिका के खाड़ी तट से आयात करने के लिए है। यह भारतीय बाज़ार के लिए अमेरिकी एल.पी.जी. का पहला औपचारिक अनुबंध है।"

जानकार सूत्रों के अनुसार, तीनों सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरी कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आई.ओ.सी.), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बी.पी.सी.एल.) और हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन (एच.पी.सी.एल.) ने अगले साल के लिए अमेरिकी एल.पी.जी. आयात का संयुक्त टेंडर शेवरॉन, फिलिप्स 66 और टोटल एनर्जी ट्रेडिंग को दिया है। सौदे का व्यावसायिक विवरण उपलब्ध नहीं है।

भारत में एल.पी.जी. का इस्तेमाल मुख्य रूप से खाना पकाने के ईंधन के रूप में होता है और इसका बड़ा हिस्सा सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, क़तर और कुवैत जैसे देशों से आयात होता है। एक अधिकारी ने इस परिवर्तन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## दिल्ली विस्फोट के आतंकी उमर का साथी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 17 नवंबर। एनआईए ने दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट को अंजाम देने में सह साजिशकर्ता की भूमिका निभाने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जसीर बिलाल वानी बताया जा रहा है। इसे श्रीनगर से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि वानी ने विस्फोट को अंजाम देने के लिए आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी के साथ सक्रिय रूप से काम किया था।

- **एनआईए द्वारा श्रीनगर से गिरफ्तार जसीर बिलाल वानी ने विस्फोट को अंजाम देने में सक्रिय रुप से काम किया था।**

आतंकवाद रोधी एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अनंतनाग के काजीगुंड निवासी वानी ने कथित तौर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सऊदी अरब में मदीना के नज़दीक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत

## मृतकों में अधिकांश हैदराबाद के थे और उमराह के लिए सऊदी अरब गए थे

रियाद, 17 नवंबर। सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है।

गल्फ न्यूज की रिपोर्ट्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर मक्का से मदीना जा रही बस रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय के अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया है कि सऊदी अरब में हुए बस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी हैं। मीडिया से बात करते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

- **गल्फ न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, हादसा स्थानीय समय के अनुसार सुबह 1:30 बजे हुआ था, हादसे के समय सभी यात्री सो रहे थे और टक्कर लगते ही बस में आग लग गई।**
- **हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया कि हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे, सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका इलाज चल रहा है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।**
- **हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री जयशंकर से मृतकों को भारत लाने की अपील की है।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया। तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिजनों को पाँच-पाँच लाख रूपए की सहायता देने की घोषणा की।**

पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमें जो सूचना मिली है, उसके मुताबिक 45 लोग मारे गए हैं और ये लोग 23 नवंबर को हैदराबाद लौटने वाले थे। एआईएमआईएम विधायक माजिद हुसैन ने भी बताया कि हमें जो शुरुआती रिपोर्ट मिल रही है, उसके तहत हादसे में 40 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। हम पीड़ित परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## वी. श्रीनिवास ने मुख्य सचिव का पद संभाला

जयपुर, 17 नवंबर। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी श्रीनिवास ने सोमवार को राजस्थान के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें औपचारिक रूप से चार्ज सौंपा। चार्ज लेने से पहले दोनों अफसरों ने सचिवालय भवन के प्रवेश द्वार स्थित गणेश मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की।

चार्ज संभालने के बाद श्रीनिवास ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के साथ बैठक की, जबकि सुधांश पंत को सचिवालय में आईएएस एसोसिएशन की ओर से विदाई दी गई। पंत अब दिल्ली में कैबिनेट सचिवालय में विशेष अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## विचार बिन्दु

चरित्र मनुष्य के अन्दर रहता है, यश उसके बाहर। –अज्ञात

# वियतनामियों के जज़्बे को सलाम!

मैं ने गत संपादकीय में वियतनाम के बारे में परिचयात्मक आलेख लिखा था। इस आलेख में मैं एक सप्ताह की वियतनाम यात्रा की समाप्ति पर हुए अनुभव के कुछ पहलुओं से पाठकों को परिचित कराना चाहता हूं। वियतनाम लगभग 100 वर्षों तक 1845 से 1945 तक फ्रेंच का उपनिवेश रहा। यहां फ्रांस के लोगों ने राज किया, इसीलिए, यहाँ के कई महत्वपूर्ण भवनों पर फ्रांसीसी स्थापत्य कला का प्रभाव दिखाई देता है। उन्हें फ्रांस 2 सितंबर 1945 को स्वतंत्रता मिली तो फिर अमेरिका ने दक्षिण वियतनाम पर आधिपत्य जमाना प्रारंभ कर दिया। जब फ्रांस का शासन था तब अमेरिका फ्रांस को हथियार देता रहा। जब इंडो चाइना समझौते के अंतर्गत फ्रांस मने यहां से अपना शासन समाप्त किया तो अमेरिका ने यहां पर पैर जमाने प्रारंभ कर दिए। 1954 में जब यहां पर चुनाव होने लगे तो अमेरिका को लगा कि चीन, रूस, कंबोडिया के साथ ही वियतनाम, थाईलैंड और बर्मा में साम्यवादी सरकारों का गठन हो जाएगा। अमेरिका ऐसा नहीं चाहता था इसलिए साम्यवादी विचारधारा के विस्तार को रोकने के लिए अमेरिका ने वियतनाम के दक्षिणी भाग में अपनी पसंद की कठपुतली सरकार बनवा दी। यह सरकार अमेरिका की इच्छा अनुसार काम करती रही। उसने उत्तरी और दक्षिणी वियतनाम को अलग कर दिया और दोनों भागों के नागरिकों को एक दूसरे के विरुद्ध कर दिया। 1954 से 1966 तक राष्ट्रपति ने अमरीकी सैनिकों को वियतनाम में आने की अनुमति नहीं दी और सहयोगी राष्ट्रों के सैनिकों के माध्यम से युद्ध करता रहा। इसके पश्चात 1966 में अमेरिकी सैनिकों को वियतनाम में आने की अनुमति मिली।

1954 से लेकर 1975 तक लगातार वियतनाम युद्ध के रूप में वियतनाम के नागरिकों और फौज ने अमेरिका से लोहा लिया। वियतनाम के लोगों का मानना था कि अमेरिका ने उनके विरुद्ध युद्ध छेड़ कर बहुत बड़ी गलती की क्योंकि वह केवल वियतनाम की सेना के साथ लड़ाई नहीं कर रहा था, बल्कि वियतनाम देश तथा इसके लोगों के विरुद्ध कर रहा था, जिसमें सफलता मिलना असंभव था। यह वियतनाम के लोगों की संघर्षशीलता और एकजुटता का ही परिणाम था कि 20 वर्षों के संघर्ष के बाद भी वियतनाम को परास्त नहीं कर सका और अंततः थक-हार कर 1975 में इस देश को छोड़कर जाना पड़ा।

इसके बाद लगभग 20 वर्षों तक वियतनाम के संबंध सभी पश्चिमी देशों से समाप्त हो गए थे जिसके कारण यह देश बिल्कुल अलग-थलग पड़ गया था। इसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा वियतनाम के विरुद्ध 'ट्रेड एंबार्गो' या व्यापारिक प्रतिबंध इस देश पर लगाना था। यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब होती गई और अंततः 1995 में सबसे पहले अमेरिका ने यह प्रतिबंध हटाया और धीरे-धीरे पूरे विश्व के साथ वियतनाम के संबंध स्थापित हुए। लगभग 2000 तक यह संबंध सभी देशों के साथ स्थापित हो चुके थे।

गत 25 वर्षों में जिस प्रकार तेजी से वियतनाम ने प्रगति की है, वह उल्लेखनीय है।आज यहां की प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है। यहां पर गरीबी है और वह दिखाई भी देती है, किंतु कोई भी भिखारी हमें पूरी वियतनाम यात्रा के दौरान नहीं दिखाई दिया। सभी व्यक्ति कोई ना कोई छोटा-मोटा काम करके और पूरे परिश्रम के साथ अपना गुजारा करते हैं।

वियतनाम युद्ध के एक पहलू का उल्लेख करना उपयुक्त होगा। अमेरिकी अत्याचार और आक्रमण से बचने के लिए वियतनामियों ने भूमिगत सुरंगों का निर्माण किया।

अमेरिका के विरुद्ध खतरनाक जहरीले रसायन 'एजेंट ऑरेंज' का उपयोग किया। इससे अनेक लोग मारे गए और आज तीसरी पीढ़ी में में इसके कारण विकलांगता का असर देखा जा रहा है।

वियतनाम सरकार ने प्रभावित लोगों के पुनर्वास और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबित बनाने के लिए उनके लिए हस्तशिल्प प्रशिक्षण के केंद्र संचालित किए हैं। उनके द्वारा बनाई गई शिल्प की वस्तुएं पर्यटकों को विक्रय की जाती हैं। सरकार का यह कदम जहां इन लोगों में स्वाभिमान की भावना उत्पन्न करता है वहीं उनके मन में आत्मनिर्भरता का भाव बढ़ाता है।

पर्यटन की दृष्टि से जहां उत्तरी वियतनाम में विदेशी लोगों ने निवेश किया है वहीं सैगोन (नया नाम हो ची मिन्ह) शहर के उत्तरी पश्चिमी भाग में निवेश करने से अभी भी विदेशी कंपनियां कतराती हैं क्यों क्योंकि उन्हें एजेंट ऑरेंज के कारण यहां के पानी के प्रदूषित होने का खतरा अभी भी महसूस होता है।

उत्तरी वियतनाम जहां प्राकृतिक दृष्टि से अधिक समृद्ध है वहीं दक्षिणी वियतनाम ऐतिहासिक दृष्टि से। 1975 में उत्तरी और दक्षिणी वियतनाम के एकीकरण के बाद हनोई को वियतनाम की राजधानी बनाया गया। हो ची मिन्ह शहर वियतनाम की व्यावसायिक राजधानी कहलाता है। तत्पश्चात सैगोन का नाम बदल कर हो ची मिन्ह रख दिया गया। हो ची मिन्ह वही व्यक्ति हैं जिन्होंने 1945 में वियतनाम को स्वतंत्र घोषित किया और 1969 तक उनके देहांत तक वे इस देश के राष्ट्रपति रहे। अमेरिका के विरुद्ध जब हो ची मिन्ह कम्युनिस्ट राष्ट्रो से अमेरिका के विरुद्ध मदद मांग रहे थे तो वियतनाम के छोटा देश होने के कारण उनकी कोई बात सुनी नहीं जा रही थी। इस कारण उन्होंने पहले माओत्से तुंग जो कि चीन के राष्ट्रपति थे, उनसे बात की और उनके साथ वह रूस गए जहां से उन्हें कई प्रकार की सहायता मिली।

> **वियतनाम ने किस प्रकार का कष्ट देखा और अमेरिका ने किस प्रकार से इसको तहस-नहस किया इसका आभास हमें तब हुआ जब हमने हो ची मिन्ह में स्थित 'वार मेमोरियल' को देखा। युद्ध में किस प्रकार से वियतनाम ने गोरिल्ला पद्धित से संघर्ष किया, यह देखने काबिल है। यह सीखने काबिल है कि कैसे वियतनाम ने संघर्ष के स्थलों को पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बनाया है।**

एक विशेष बात कूची की भूमिगत सुरंगों के बारे में लिखना उचित होगा। ये सुरंगें हो ची मिन्ह शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर स्थित हैं। इनकी कुल लंबाई 254 किलोमीटर है। ये अत्यंत संकरी हैं। कई स्थानों पर तो इनकी ऊंचाई केवल 3 फीट और चौड़ाई इतनी कि एक व्यक्ति मुश्किल से मुड़ सके। कई वियतनामियों ने बहुत समय इन्हीं सुरंगों में बिताया। सुरंग में हवा के आवागमन की व्यवस्था भी की गई। बारिश के समय कीचड़ में इनके पांव के निशान के आधार पर अमेरिकी सैनिक इन तक न पहुंच पाएं इसके लिए उन्होंने विशेष तरह के सैंडल बनाए ताकि अमेरिकियों को भ्रमित किया जा सके।

वियतनाम यात्रा के दौरान हमने अनुभव किया कि प्रत्येक पर्यटन स्थल पर शौचालय की बहुत अच्छी व्यवस्था है जो निरंतर साफ रखे जाते हैं . जिनमें नल में और फ्लश के लिए पानी की कभी कोई कमी नहीं आने दी जाती है। हाथ को सुखाने वाला हेयर ड्रायर सदैव काम करता है। भारत में ये सब उपकरण बनाए तो जाते हैं किंतु वे सब संधारण के अभाव में खराब होकर अनुपयोगी हो जाते हैं। हमने भारत में आते ही अहमदाबाद ट्रेन में सफर करते समय इसका प्रत्यक्ष अनुभव कर लिया। शौचालय में तो टूंटी नहीं थी और वाश बेसिन में खराब सी प्लास्टिक की टूंटी लगी थी। इस क्षेत्र में भारत को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि प्रकृति ने भारत को संभवतया विश्व में सबसे अधिक समृद्ध किया है।

पूरे उत्साह के साथ यहां के गाइड अपने देश की संस्कृति और अपने पर्यटन स्थलों के बारे में रुचि से समझाते हैं। राष्ट्र के प्रति उनका प्रेम और समर्पण अनुकरणीय है। तेजी से प्रगति का एक कारण, विशेषकर पर्यटन के क्षेत्र में, संभवतया इनकी यही राष्ट्रभक्ति और परिश्रम की भावना है। यही एक कारण था कि अमेरिका के साथ लंबे युद्ध में वियतनाम ने अत्यंत ही कठिनाई का समय देखा और केवल एकजुट होने के कारण ही इन्होंने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश का डट कर 20 वर्षों तक मुकाबला किया।

वियतनाम ने किस प्रकार का कष्ट देखा और अमेरिका ने किस प्रकार से इसको तहस नहस किया इसका आभास हमें तब हुआ जब हमने हो ची मिन्ह में स्थित 'वार मेमोरियल' को देखा। युद्ध में किस प्रकार से वियतनाम ने गोरिल्ला पद्धित से संघर्ष किया, यह देखने काबिल है। यह सीखने काबिल है कि कैसे वियतनाम ने संघर्ष के स्थलों को पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बनाया है। यह प्रेरणास्पद है कि कू ची शहर के पास ही लगभग 254 किलोमीटर की भूमिगत सुरंगें बनी हुई हैं जिनको पर्यटन स्थल के रूप में सरकार ने सरकार विकसित किया है। पर्यटक यह देख सकते हैं कि कैसे सुरंगों में लोग रहते थे और कैसे इनके माध्यम से स्थानीय बाँस की नुकीली कीलों से अमेरिकी सैनिकों को ट्रैप करके घायल कर दिया जाता था। हम में से कुछ लोगों ने सुरंग को अंदर से देखा। यह आश्चर्यजनक लगा कि इन्हीं सुरंगों में मीटिंग कक्ष, रसोई, बेडरुम के साथ ही शस्त्रागार की भी व्यवस्था थी।

दानांग प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। यहां बाना हिल्स पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रोप वे बनाई गई है। यहां का गोल्डन ब्रिज वियतनाम की पहचान बन चुका है। इसके अलावा यहां एक पीपुल ब्रिज भी है जो लोगों ने पिग्गी बैंक के माध्यम से की गई छोटी छोटी बचत से बनाया गया है। यहां पर बांस से बनी गोल छोटी नावें भी चलती हैं जो दुनिया में केवल यहीं देखी जा सकती हैं।

हालोंग बे में जहाज पर क्रूज़ पांच सितारा सुविधा युक्त था। इस पर यात्रा करते हुए आप विभिन्न पहाड़ियों के बीच पानी पर गुजरते हुए प्रकृति की अनुपम सुंदरता का अनुभव कर सकते हैं। ऐसे सैकड़ों क्रूज़ पर्यटकों के लिए उपलब्ध हैं। इन पर की जाने वाली रोशनी रात्रि को अत्यंत भव्य और आकर्षक लगती है।

हो ची मिन्ह शहर में रियूनिफीकेशन स्मारक के रूप में इंडिपेंडेंस पैलेस को पर्यटन स्थल बनाया गया है। दक्षिण वियतनाम के राष्ट्रपति के आवास को बम गिराकर ध्वस्त कर दिया गया। 1975 में स्थानीय स्थापत्य कला के आधार पर इसका पुनर्निर्माण किया गया। 30 अप्रैल को "रि यूनिफिकेशन डे" के रूप में मनाया जाता है।

लगभग 200 वर्ष पहले तक वियतनाम में शिक्षा की बहुत कमी थी और उनकी अपनी कोई लिखित लिपि भी नहीं थी। उनकी बोली को सुनकर फ्रांसीसियों ने लैटिन लिपि का वियतनामी भाषा का आधार बनाया। 1976 के बाद शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया और सभी लोगों को शिक्षित बनाने के सारे सघन प्रयास किए गए।

मेरे विचार से सभी भारतीयों को अवसर निकाल कर वियतनाम की यात्रा करनी चाहिए और वहां के लोगों की देशभक्ति की भावना और अनुशासन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे लिए यह बहुत अच्छे अनुभव वाली रही।

अंत में वियतनाम के लोगों को सलाम!

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# संघ की शताब्दी : व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की यात्रा



भजनलाल शर्मा

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के निर्णायक दौर में एक ऐसा विचार अंकुरित हुआ, जिसने राष्ट्रजीवन की दिशा बदल दी। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और उनके पांच साथियों ने अनुभव किया कि विदेशी दासता का पूर्ण समाधान केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि समाज के चरित्र निर्माण और संगठन क्षमता में निहित है। इसी विचार की परिणति 1925 की विजयादशमी को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के रूप में हुई। यह बीज आज विश्व भर में फैले विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है।

डॉ. हेडगेवार बचपन से मातृभूमि के प्रति अद्भुत समर्पण रखते थे। कोलकाता में मेडिकल शिक्षा के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के सशस्त्र क्रांति से लेकर सत्याग्रह तक अनेक स्वरूपों को निकट से देखा। उनके लिए यह स्पष्ट था कि भारत की दासता का मूल कारण सामाजिक विखंडन, संकीर्ण पहचान और सांस्कृतिक हीनता है। इस कमजोरी को दूर करने के उद्देश्य से उन्होंने शाखा पद्धति विकसित की। इस पद्धति में अनुशासन, व्यायाम, गीत, प्रार्थना और राष्ट्र भावना के संस्कार जीवनपर्यंत व्यक्ति का मार्गदर्शन करते हैं।

द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरुजी' ने संघ को वैचारिक ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक महान सांस्कृतिक राष्ट्र है और इसका ध्येय मानवता को सार्वभौमिक सद्भाव की दिशा प्रदान करना है। आगे श्रद्धेय देवरस जी, रज्जू भैया, सुदर्शन जी और वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने समय की चुनौतियों के अनुरूप संघ के संगठन और विचार यात्रा को आगे बढ़ाया। आज संघ सामाजिक समरसता, महिला सहभागिता, परिवार व्यवस्था और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर विशेष बल दे रहा है।

वर्ष 1926 से प्रारंभ हुई शाखा परंपरा अब गांव-गांव, नगर-नगर तक फैल चुकी है। लगभग 85 हजार दैनिक, साप्ताहिक और मासिक शाखाओं में 50 लाख से अधिक स्वयंसेवक नियमित सहभागिता करते हैं। भारत के अलावा भी 40 से अधिक देशों में यह संस्कारित संगठन शक्ति सक्रिय है।

मुझे स्वयं बचपन में संघ की शाखा में जाने का सौभाग्य मिला। भरतपुर जिले में मेरे रिश्ते में दादाजी संघ का कार्य संभालते थे और उनकी प्रेरणा से ही मुझे सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संस्कार मिला। शाखा वास्तव में निस्वार्थ सेवा, एकात्मकता और समर्पण का विद्यालय है।

संघ की यह सौ वर्षीय यात्रा सरल नहीं रही। 1948, 1975 और 1992 में प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। गांधीजी की हत्या के बाद गंभीर आरोप लगाए गए, आपातकाल में संघ को कुचलने के प्रयास हुए, उपहास और उपेक्षाएं झेलनी पड़ीं। इसके बावजूद संघ हर बार और दृढ़ होकर समाज-सेवा में जुटा और तपकर कुंदन की तरह चमकता रहा।

भारत-चीन युद्ध 1962 के समय संघ ने सीमांत क्षेत्रों तक रसद पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके बाद 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में स्वयं नेहरू ने संघ को आमंत्रित किया।भारत-पाक युद्ध 1965 के दौरान दिल्ली में यातायात व्यवस्था संभालने में स्वयंसेवक अग्रणी रहे।

आपदाओं, चक्रवात, भूकंप, बाढ़, महामारी आदि में संघ के स्वयंसेवक सदैव सबसे पहले प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। संघ के अनुषांगिक संगठन जैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, भारतीय किसान संघ और विद्या भारती शिक्षा, श्रमिक कल्याण, जनजातीय विकास, ग्रामीण सुधार और सांस्कृतिक जागरण में अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन ने संघ को संस्कृति-संकल्प की विराट ऊर्जा के रूप में विश्व के सामने प्रस्तुत किया।

आज संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का एक व्यापक, जीवंत आंदोलन है। शताब्दी वर्ष में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन (नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण-संवेदनशील जीवनशैली, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्य और स्वबोध) न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संघ के शताब्दी समारोह पर विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी करना इस संगठन की राष्ट्रीय भूमिका का सम्मान है। 100 रुपये के सिक्के पर उकेरा गया बोध वाक्य-'राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम' संघ की आत्मा का सटीक सार है।

संघ एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन है। इसका उद्देश्य समाज को संगठित कर सज्जन शक्ति को सशक्त बनाना, और राष्ट्र जीवन में उसका नेतृत्व स्थापित करना है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, हिंसक संघर्षों और वैचारिक विभाजन से जूझ रही है, तब भारत की आध्यात्मिक परंपरा और सह-अस्तित्व की संस्कृति विश्व को प्रकाश दे सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि हर भारतीय राष्ट्रीय कर्तव्य को समझे और आदर्श समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए।

संघ की शताब्दी यह स्पष्ट संदेश देती है कि राष्ट्रनिर्माण सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण, संगठित समाज और सुदृढ़ सांस्कृतिक आधार से होता है। संघ का संकल्प है कि भारत न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि विश्व को भी शांति, सहयोग और सद्भाव की राह दिखाए।

**–भजनलाल शर्मा,**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**

# राजस्थान में RAS भर्ती का नया विकल्प: UPSC प्रतिभा सेतु मॉडल से मिलेगा ईमानदार प्रशासन



सुनील दत्त गोयल

राजस्थान में RAS भर्ती को लेकर एक बार फिर खटपट के आरोपों का दौर चल रहा है। पेपर लीक, घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोपों ने नौजवानों के सपनों के साथ-साथ जनता का भरोसा भी तोड़ दिया है। अब वक्त आ गया है कि इस पुराने और दागदार सिस्टम को बदल दिया जाए। यह एक खुला सच है कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) जैसी प्रतिष्ठित नौकरियों की चयन प्रक्रिया अपनी साख खो चुकी है। ऐसे में अब समय आ गया है कि राजस्थान सरकार इस व्यवस्था को एक नई दिशा दे – समाधान साफ है: अलग से (RAS) की परीक्षा लेने के बजाय, ळझ्एण में अपनी काबिलियत साबित कर चुके राजस्थान के होनहार बच्चों को सीधे राज्य की सेवा में लिया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने "UPSC प्रतिभा सेतु" बनाकर देश के लिए यही रास्ता दिखाया है। जो प्रतिभाशाली छात्र UPSC की कठिन परीक्षा पास करके अच्छी रैंक लाते हैं, लेकिन सीमित सीटों की वजह से IAS-IPS – में जगह नहीं पाते, वे राष्ट्र सेवा का मौका पा सकें।

**क्यों पुराना RAS भर्ती सिस्टम समाप्त किया जाना चाहिए :** राज्य में हर कुछ वर्षों में RAS भर्ती घोटालों की खबरें सुर्खियाँ बनती हैं। कभी पेपर लीक, कभी फर्जीवाड़ा, कभी कोर्ट केस – और इसका सबसे बड़ा नुकसान होता है मेहनती व ईमानदार अभ्यर्थियों को। कई युवाओं का जीवन सालों की तैयारी में फँसकर रह जाता है, जबकि उनकी उम्र और अवसर दोनों धीरे-धीरे खत्म हो जाते हैं। अब सवाल है – क्या हमें इस भ्रष्ट, महंगी और अप्रभावी भर्ती प्रणाली को बनाए रखना चाहिए? जबकि हमारे पास पहले से ही एक ऐसी राष्ट्रीय प्रणाली (UPSC) मौजूद है, जो पारदर्शिता, योग्यता और निष्पक्षता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रस्तावित मॉडल: (UPSC) पास-आउट अभ्यर्थियों को RAS जैसी राज्य सेवाओं में अवसर

**प्रस्ताव :** राजस्थान सरकार ळझ्एण सिविल सर्विस परीक्षा में भाग लेने वाले राजस्थान मूल के अभ्यर्थियों को उनके ळझ्एण फाइनल रैंक के आधार पर राज्य सेवाओं में सीधा अवसर दे सकती है – विशेष रूप से उन उम्मीदवारों को जो ळझ्एण में चयन से कुछ स्थान नीचे रह गए लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं।

**इस नीति के तहत :** जो उम्मीदवार UPSC मेन या इंटरव्यू स्टेज तक पहुँच चुके हैं, और जिनकी रैंक कटऑफ से नीचे रह गई है, उन्हें राज्य प्रशासनिक सेवाओं (RAS, RPS, Allied Services आदि) में मेरिट-आधारित डायरेक्ट एंट्री का विकल्प दिया जा सकता है। कुछ लोग कह सकते हैं कि इन उम्मीदवारों को राज्य की प्रशासनिक बारीकियों की जानकारी नहीं होगी। इसका हल आसान है। भर्ती के बाद इन्हें राजस्थान की भाषा, इतिहास, कानून और प्रशासन का विशेष ट्रेनिंग कोर्स करवाया जाए। असली चीज तो दिमाग और ईमानदारी है, जो इनमें पहले से भरी हुई है। राजस्थान की जनता एक भरोसेमंद और योग्य अफसरशाही की हकदार है। UPSC की मेरिट को अपनाकर राज्य सरकार इस समस्या का स्थायी और शानदार हल निकाल सकती है। यह सुधार अब जरूरी हो गया है।

**नीति निर्माण के लिए व्यावहारिक दिशा :** इस नीति को लागू करते समय कुछ बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है ताकि यह न तो आरक्षण व्यवस्था से टकराए और न ही किसी संवैधानिक विवाद में उलझे : आरक्षण व्यवस्था यथावत रखी जाए:–

UPSC रैंक-आधारित चयन में उम्मीदवार की श्रेणी (SC, ST, OBC, EWS, General) के अनुसार राज्य की आरक्षण नीति लागू की जा सकती है। जैसे UPSC में रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ अलग होता है, उसी प्रकार राज्य स्तर पर भी मेरिट लिस्ट कैटेगरी-वाइज तैयार की जा सकती है।

**राज्य कैडर हेतु मानदंड :** केवल राजस्थान मूल के उम्मीदवार या जिनके माता-पिता राजस्थान में स्थायी निवास रखते हों, वही इस योजना के पात्र हों। UPSC रैंकिंग-आधारित पारदर्शी merit database: प्रकाशित फाइनल और इंटरव्यू स्तर की रैंकिंग डेटा को राज्य सरकार आधिकारिक रूप से उपयोग करे। इससे किसी विवाद या पक्षपात की गुंजाइश नहीं रहेगी।

स्वैच्छिक विकल्प (Voluntary Option) : यह स्कीम वैकल्पिक होनी चाहिए – जो अभ्यर्थी चाहें, वे इस अवसर को स्वीकार कर राज्य सेवा में आ सकते हैं; बाकी उम्मीदवार अपने अन्य अवसरों की खोज जारी रख सकते हैं।

**भर्ती आयोग के वित्तीय बोझ में कमी :** हर भर्ती चक्र में करोड़ों रुपये प्रश्नपत्र छपवाने, परीक्षा केंद्रों, सुरक्षा आदि पर खर्च होते हैं। यह नीति अपनाने से वह धन शिक्षा, प्रशिक्षण और डिजिटल प्रशासन सुधार में लगाया जा सकता है। डबल इंजन सरकार के लिए स्वर्णिम अवसर आज केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं – जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन की सरकार कहा है। जब दोनों इंजन एक दिशा में समान गति से चलते हैं, तो विकास की रफ्तार दोगुनी होती है। ऐसे में राजस्थान सरकार के पास यह ऐतिहासिक अवसर है कि वह केंद्र सरकार की ळझ्एण प्रतिभा सेतु पहल को राज्य की RAS भर्ती प्रणाली में लागू कर एक राष्ट्रीय मिसाल कायम करे। यह न केवल राजस्थान को पारदर्शी और योग्यता-आधारित प्रशासनिक भर्ती का मॉडल राज्य बनाएगा, बल्कि पूरे देश में डबल इंजन सरकार की कार्यकुशलता और दूरदर्शिता का उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा। यदि राजस्थान इस नीति को अपनाता है, तो यह संदेश जाएगा कि जब केंद्र और राज्य एक सोच के साथ काम करते हैं, तो जनता का भरोसा और प्रशासन की साख – दोनों मज़बूत होती हैं।

**संभावित कदम :** हर जिले में 'स्टडी सेंटर' खोले जाएँ, जहां अच्छी लाइब्रेरी, इंटरनेट और पढ़ने की जगह हो। पहले से सेवा में बैठे अफसर गरीब छात्रों को मेंटरशिप दें, उनका मार्गदर्शन करें। एक मुफ्त ऑनलाइन एप या वेबसाइट बनाई जाए, जहां कोचिंग के वीडियो और किताबें मुफ्त में मिल सकें।

**सफल उम्मीदवारों को मेंटरशिप कार्यक्रम :** पिछड़े वर्गों की छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति और परीक्षा शुल्क में छूट इससे न केवल राज्य का नाम राष्ट्रीय सेवा में बढ़ेगा, बल्कि गरीब तबके के होनहार विद्यार्थियों को भी समान अवसर मिलेगा।

**सेवा स्थिरता के लिए न्यूनतम कार्यकाल अनिवार्य**

इस नीति को लागू करते समय यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे चयनित अभ्यर्थी, जिन्हें UPSC प्रतिभा सेतु के माध्यम से RAS जैसी राज्य सेवाओं में नियुक्त किया जाए, वे कम-से-कम 5 वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी करें। इसका उद्देश्य यह है कि अभ्यर्थी केवल अनुभव या ट्रांज़िशन के तौर पर राज्य सेवा में न आएं और कुछ वर्षों बाद किसी अन्य केंद्रीय या निजी सेवा में चले जाएँ। यदि ऐसा हुआ तो राज्य प्रशासनिक ढांचे में बार-बार रिक्तियाँ उत्पन्न होंगी और नीति का मूल उद्देश्य – स्थायी, दक्ष और अनुभवी अधिकारी वर्ग का निर्माण – अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह नियम बनाया जाना।

**राज्य प्रशासन को मिलेगा श्रेष्ठ मानव संसाधन :** UPSC के अभ्यर्थी वर्षों तक देश-स्तरीय प्रतियोगिता में खुद को तैयार करते हैं। उनका ज्ञान, अनुशासन और समर्पण का स्तर सामान्य राज्य परीक्षाओं से कहीं अधिक होता है। यदि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को राज्य प्रशासन में मौका दिया जाए, तो सरकार को एक उच्च-गुणवत्ता वाला प्रशासनिक ढांचा मिलेगा – जो नीति निर्माण से लेकर क्रियान्वयन तक, अधिक दक्ष और संवेदनशील होगा। यह न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाएगा, बल्कि राजस्थान जैसे राज्य में ood governance की एक नई संस्कृति भी स्थापित करेगा।


**UPSC प्रतिभा सेतु पहल का संदर्भ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हाल ही में प्रतिभा सेतु (UPSC Talent Pool) की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य यही है –उन उम्मीदवारों को सरकारी व निजी क्षेत्र में अवसर देना जिन्होंने UPSC के उच्च स्तर तक पहुँचकर भी चयनित नहीं हो पाए। यदि केंद्र सरकार इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर सकती है, तो राजस्थान इसे राज्य प्रशासनिक मॉडल के रूप में अपनाने वाला पहला राज्य बन सकता है। गरीब और ग्रामीण विद्यार्थियों को विशेष प्रोत्साहन राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस योजना के साथ-साथ एक ळझ्एण प्रोत्साहन योजना भी शुरू करे, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण विद्यार्थियों को ळझ्एण की तैयारी के लिए वित्तीय सहयोग, निशुल्क कोचिंग, या छात्रवृत्ति दी जाए।

**निष्कर्ष:** परिवर्तन का यही समय है। राजस्थान को बार-बार भर्ती घोटालों और प्रशासनिक अस्थिरता का शिकार नहीं बनना चाहिए। यदि सरकार वास्तव में सिस्टम सुधार चाहती है, तो UPSC प्रतिभा-आधारित RAS भर्ती मॉडल को अपनाना एक साहसिक और दूरदर्शी कदम होगा।

**इससे:** भर्ती घोटालों का अंत होगा, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगा।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड**
**जयपुर, राजस्थान**

## राशिफल मंगलवार 18 नवम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, स्वाती नक्षत्र बुधवर प्रातः 7:59 तक, आयुष्मान योग प्रातः 8:09 तक, वणिज करण प्रातः 9:13 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-तुला, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज भद्रा प्रातः 7:13 से रात्रि 8:18 तक है। आज मास शिवरात्रि है। आज त्रयोदशी तिथि में वृद्धि हुई है। आज जयपुर का 298वां स्थापना दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:32 से 10:52 तक, लाभ-अमृत 10:52 से 1:32 तक, शुभ 2:51 से 4:11 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:53, सूर्यास्त 5:31 तक

### मेष




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृष




मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक /आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है।

### कर्क




घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### सिंह




व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कन्या




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### तुला




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### धनु




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

# केडीए सचिव को ज्ञापन सौंपा

**कोटा,** (निसं)। माँ वैष्णों व्यापार संघ बालाकुण्ड चौराहा, केशवपुरा तीन बत्ती मैन रोड़ कोटा के तत्वावधान में व्यापार संघ अध्यक्ष शमशेर परमानी के नेतृत्व में कोटा विकास प्राधिकरण सचिव को व्यापारियों की समस्या के समाधान बाबत् ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि बालाकुण्ड चौराहा से तीन बत्ती मेन रोड़ केशवपुरा-6 तक के व्यापारियों के लिये शौचालय एवं पेशाब घर की व्यवस्था नही है जिससे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिस शौचालय का भी अविलम्ब निर्माण करवाया जावे साथ ही इस रोड पर स्थित डिवाईण्डर की कुछ जगह ऊँचाई कम है जिससे ऊँचा किया जावें ताकि आये दिन होने वाली दुर्घटनाएं पर रोक लग सकें एवम् डिवाइण्डर पर पूर्व में विद्युत पोल लगा हुआ था जो टुट गया है जिसके कारण अंधेरा रहता है पुनः डिवाईण्डर पर विद्युत पोल लगाया जाये।

# नियमित टेस्ट दें, यही बनेंगे सफलता का आधार : नितिन विजय

■ मोशन एजुकेशन ने लॉन्च की 'ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज'

**कोटा,** (निसं)। जेईई की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए सोमवार का दिन खास रहा। मोशन एजुकेशन ने द्रोणा-2 कैंपस में जेईई-2026 के लिए 'ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज' लॉन्च की।

संस्थान के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने इस अवसर पर कहा कि तैयारी को परफेक्ट बनाने का एक ही तरीका है-ज्यादा से ज्यादा टेस्ट दो। इससे एग्जाम में सवाल हल करने की स्पीड बनती है, एक्यूरेसी बढ़ती है और एग्जाम का डर धीरे-धीरे खत्म हो जाता हैं।

नितिन विजय ने कहा कि प्रैक्टिस किसी भी स्टूडेंट की सफलता की रीढ़ है। टेस्ट में गलतियां पकड़ में आ जाएं तो असली परीक्षा में वहीं दोबारा नहीं होती। पहले ही एग्जाम जैसा माहौल मिलने से छात्र ज्यादा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश करता हैं। उन्होंने बताया कि पिछले पांच साल में जेईई की करीब 140 शिफ्ट हो चुकी हैं और पिछले 10 सालों में 13,000 से ज्यादा सवाल पूछे जा चुके हैं।

नवंबर आधा से ज्यादा निकल चुका है और समय कम हैं। इतने सवाल हल करना संभव नहीं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए मोशन की टीम ने सवालों की गहन रिसर्च कर दोहराऐं गए या एक जैसे प्रश्नों को अलग किया और सिर्फ परीक्षा-उन्मुख सवालों को चुना। इस दौरान मोशन ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव और कंटेंट हेड जयंत चित्तौड़ा भी उपस्थित थे।

**ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज की खासियतः-** नितिन विजय ने बताया कि 'ब्रह्मास्त्र' टेस्ट सीरीज के तीन चरणों में 69 टेस्ट के जरिए जेईई मेन से लेकर एडवांस तक की पूरी स्ट्रक्चर्ड प्रैक्टिस होगी। इससे सीमित समय में अधिकतम प्रभावी तैयारी होगी। इसमें स्टूडेंट्स अपनी सुविधा के अनुसार कभी टेस्ट दे सकेंगे। असली एग्जाम जैसा माहौल और एग्जाम पैटर्न पर आधारित सटीक सवाल मिलेंगे। इससे उनकी स्पीड, एक्यूरेसी और कॉन्फिडेंस तीनों में सुधार होगा। टेस्ट के टेक्स्ट ओर वीडियो सॉल्यूशन भी उपलब्ध कराए गए हैं।

## फन-फेस्ट का आयोजन हुआ

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी एजुकेशन इन्स्टीट्यूट के राधव स्टेडियम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फन फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। बाल मेले के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि शहर काजी जुबैर अहमद और मोदी संस्थान के चैयरमैन सुशील मोदी और ग्रुप डायरेक्टर राधव मोदी सहित मोदी ग्रुप के समस्त प्राचार्य रहे। मुख्य अतिथियों ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के चैयरमैन सुशील मोदी ने कहा कि इस फन-फेस्ट के आयोजन से विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ उनकी क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता और मिलकर टीम भावना से कार्य करने की क्षमता का विकास होता हैं।

मोदी संस्थान मे शिक्षा के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन प्रतिभाओं को निखारने के लिए किया जाता हैं। ग्रुप के निदेशक राघव मोदी ने कहा कि बाल मेला मे विधारथियों द्वारा विभिन्न तरह के खाने-पीने, सहित मनोरंजक गेम्स, कलात्मक क्रियाओं आदि के कुल 122 स्टाल लगाए गए। साथ ही बताया कि शिक्षा अधिगम गतिविधियों का ही एक भाग है जिसमें मनोरंजन के साथ विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मोदी ग्रुप के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें सामूहिक नृत्य, गायन, रैम्प वॉक सम्मलित रहे।

विशेष आकर्षण का केन्द्र राजस्थान नृत्य घूमर, कालबेलिया आदि रहे। रैम्प वॉक में विभिन्न प्रदेशों की वेशभूषा से देश की संस्कृति की झलक देखने को मिली। मोदी संस्थान के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों मे आयोजन के प्रति उत्साह देखने को मिला।

इस बाल मेले का समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी. मीणा एच.ओ.डी. ओर्थोपेडिक रहे। फन फेस्ट के समापन में लक्की ड्रॉ मुख्य अतिथि द्वारा निकाला गया। प्रथम विजेता को लेपटॉप द्वितीय विजेता को माइक्रोवेव तथा तृतीय नम्बर के तीन विजेताओं को साइकिल पुरुस्कार दिए गए।

## सार-समाचार

### विष्णु हरिहर को काव्यकलश सम्मान मिला

**कोटा,** (निसं)। महानगर कोटा की अर्द सदी पुरानी साहित्य संस्थाओः में से एक संस्था 'काव्य-कलश' समय समय पर, साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वालों का सारस्वत सम्मान करती रही हैं। उसी कड़ी में इस बार कवि विष्णु शर्मा हरिहर को अपने मुख्यालय पर सम्मानित किया। यह सम्मान उत्सव संस्था का 76वाँ कार्यक्रम था। इस बारे में संस्था के अधिष्ठाता संस्थापक प्रख्यात कवि डॉक्टर लोकमान गिरि गिरिवर ने बताया कि काव्यकलश अपने सारस्वत सम्मानों में क्वान्टिटी का नही, क्वालिटी का ही ध्यान रखा जाता हैं। कवि विष्णु शर्मा हरिहर राष्ट्रीय भक्तिभाव के प्रख्यात विचारक, वक्ता और हिन्दी/राजस्थानी भाषा के कवि रहे हैं। उनकी लगभग 18 पुस्तकें हिन्दी और हाड़ौती में प्रकाशित हैं। डॉक्टर गिरी न कवि हरिहर को मुक्ता माल, केसरिया अंगवस्त्र, चांदी-पूजनपात्र सेट और सम्मान पट्ट प्रदान किया। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद गौतम और रामेश्वर शर्मा रामूभैया के संचालन में हुई अति-दुर्लभ वैष्णवी काव्यगोष्ठी में डॉ.गिरी, कवि हरिहर, वीणा अग्रवाल, योगीराज योगी, ज्ञान गंभीर, सुरेन्द्र सिंह हाड़ा, प्रेमशास्त्री, कुमारी राधान्शी, कोमल रोटेदा, लक्ष्मी, देवकी दर्पण, अनुराधा शर्मा, गरिमा गर्विता आदि ने एक से बढ़कर एक काव्यपाठ किया।

### आज 8 घण्टे जलापूर्ति बंद रहेगी

**कोटा,** (निसं)। शहरी जल योजना के 130 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र सकतपुरा के इन्टेक वेल पम्प हाउस पर 11/33 के.वी. ब्रेकरों, पैनलों, विद्युत उपकरणों का रख-रखाव तथा 11 के.वी. केबल ज्वॉइन्ट किट आदि को बदलने के लिए 18 नवम्बर (मंगलवार) को प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक जल शोधन संयंत्र से जलापूर्ति बन्द रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता पीएचईडी नगर खण्ड द्वितीय श्याम माहेश्वरी ने बताया कि जलापूर्ति से प्रभावित क्षेत्रों में सकतपुरा, नान्ता, बालिता, सम्पूर्ण कुन्हाड़ी, बड़गांव जोन, सम्पूर्ण बून्दी रोड क्षेत्र, शम्भूपुरा जोन, नयाखेडा, नयापुरा, सिविल लाईन्स, लाड़पुरा, खाईरोड, खण्ड गांवड़ी, दोस्तपुरा, आर्मी क्षेत्र, खेड़ली फाटक, मालारोड, जनकपुरी, गुरूद्वारा रोड़, भीमगंजमण्डी, डडवाड़ा, सम्पूर्ण स्टेशन क्षेत्र, कैलाशपुरी जोन, भदाना जोन, कालातालाब जोन, सोगरिया जोन, आकाशवाणी कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी, पुलिस लाईन रोड़ की समस्त कॉलोनियां, आर.के. नगर, शिव नगर, बोरखेडा जोन, बारां रोड, नया नोहरा जोन, चन्द्रेसल जोन, रोटेदा, रायपुरा जोन में जलापूर्ति नहीं हो सकेगी। मंगलवार को सांयकालीन जलापूर्ति कम जल दबाव से होगी। अगले दिन बुधवार से जलापूर्ति सामान्य रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के पेयजल उपभोक्ताओं से प्रातः काल की सप्लाई के समय में ही पेयजल संग्रहण करके रखने की अपील की।

### आईपीआर वेल्यू एडेड कोर्स का प्रारम्भ

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, कोटा की बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आईपीआर की वेल्यू ऐडेड कोर्स का शुभारभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.प्रतिमा श्रीवास्तव ने की तथा विद्यार्थियों को नवाचार करने हेतु प्रेरित करते हुये अपने नवाचार को कानूनी रुप से सुरक्षित करने हेतु पेटेन्ट करने के लिए प्रेरित किया। प्रो.वी.के. पंचोली सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, परिक्षेत्र कोटा ने आयुक्तालय द्वारा नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थी हित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में शीब्राइट की सीईओ सौम्या ने आईपीआर की सामान्य जानकारी देते हुये कॉपीराईट, ट्रेडमार्क एवं ट्रेडसिकरेट किस प्रकार प्राप्त किये जाते है तथा इनके क्या लाभ है के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक प्रो.नीरजा श्रीवास्तव ने पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये इस पाठ्यक्रम की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो.नीलकमल राठौर ने सभी का स्वागत करते हुये प्रकोष्ठ की गतिविधियों की जानाकरी दी। कार्यक्रम में डॉ.नरेश कुमार नायक एवं आईस्टार्ट संयोजक योगेश कुमार का विशिष्ट सहयोग रहा।

### कबीर आश्रम में नेत्र शिविर कल

**कोटा,** (निसं)। कबीर पारख संस्थान कोटा एवं बिरला आई हॉस्पिटल के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 19 नवम्बर बुधवार प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक विनोबा भावे नगर स्थित कबीर पारख संस्थान कबीर आश्रम कोटा में आयोजित किया जा रहा है।

## कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कोटा

Email-sdokot-kot-rj@nic.in, 0744-2325871

क्रमांक :- वसूली/अ.प्र./2025/2383 | दिनांक :- 04/11/2025

जरिये : सचिव कृषि उपज मंडी इटावा।

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति इटावा व 102 किसानों की बकाया राशि वसूली बाबत् भू-राजस्व अधिनियम की धारा 229 सपठित धारा 256-257 के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 20/2022-2023, कृषि उपज मंडी बनाम कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी इटावा कोटा मालिक मैना गर्ग पत्नि अरविन्द गोयल निवासी बी-75 शुभ आंगन कॉलोनी रायपुरा कोटा की इस कार्यालय के कुर्की आदेश कमांक/वसूली/2022/563, दिनांकः 12/10/2022 तथा 662 दिनांक 28.12.2022 की पालना में तहसीलदार लाडपुरा कोटा द्वारा बाकीदार मैना गर्ग की कुर्कशुदा अचल सम्पत्ति राजस्व ग्राम कसार की ख० संख्या 1863/1074 क्षेत्रफल 0.72 है0 (0.04 है० बा.प्र. भूमि तथा 0.68 आद्योगिक प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तित) भूमि तथा कुर्कशुदा मकान बी-75, शुभ आंगन कॉलोनी, रायपुरा कोटा की अलग-अलग सार्वजनिक नीलामी दिनांकः 08/12/2025 को स्थान तहसील कार्यालय लाडपुरा कोटा पर प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक पुकरवाई जाएगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति बोली लगाने हेतु दिनांक 08/12/2025 को मौके पर उपस्थित होकर बोली लगावें।

**बोली की शर्ते :**

1. बोलीदार को बोली लगाने से पूर्व 10,000/- रू राशि जमा करवानी होगी।
2. बोली समाप्त होने पर बोली की चौथाई राशि जमा तुरन्त करानी होगी।
3. बोली को स्वीकृत करने/नहीं करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
4. बोली स्वीकृत होने पर शेष राशि 15 दिवस में जमा करानी होगी। उक्त अवधि में राशि जमा नहीं होने की स्थिति में चौथाई राशि जब्तराज कर पुनः नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।
5. अन्य शर्तें जो वक्त बोली निर्धारित की जावे वो राज० राज भू-राजस्व अधिनियम के तहत ही मान्य होगी।

राज.संवाद/सी/25/13975 — उपखण्ड अधिकारी

## कार्यालय नगर परिषद बारां ( राज. )

क्रमांकः-नपबा/ तामीर शाखा/2025/7202 | **लोक सूचना** | दिनांक 13.11.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री शिवशंकर निवासी बारां द्वारा उपविभाजन चाहा गया है। जिसमें पट्टा संख्या 3466 दिनांक 28.10.2021 भूखण्ड संख्या 47 माप 1050 वर्गफीट, योजना विनायक विहार का श्रीमति उषा कुमारी पत्नी श्री बजरंगलाल के नाम जारी किया गया था। तत्पश्चात पट्टाधारक द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2025 से उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या 47ए माप 525 वर्गफिट श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री शिवशंकर के नाम बेचान कर दिया। आवेदक द्वारा नगर परिषद बारां से अंकित मापो पर उपविभाजन चाहा गया है। जिसमें भूखण्ड संख्या 47ए माप 525 वर्गफिट श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री शिवशंकर के नाम किया जाना है। व शेष भाग पट्टाधारक का ही रहेगा। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्तर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजो के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद बारां

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांकः-नपबा/रुपा./2025/7082-83 | **लोक सूचना** | दिनांकः-10.11.2025

श्री महावीर माथोड़िया पुत्र श्री हीरालाल माथोड़िया व चंद्रकला पत्नी श्री महावीर माथोड़िया जाति धाकड़ निवासी राजपुरा वार्ड प्रताप चौक बारां तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | कल्याणपुरा | 151,233 | 3.72 है. में से 15600 वर्गमीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/ विक्रय/2025/598 | दिनांकः-17.11.25

**रजिस्ट्री चाहने बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-391 केशवपुरा 7 आवासीय योजना का आवंटन न्यास के पत्र कमांक-162 दिनांक 04.12.1986 द्वारा श्री नन्द किशोर पुत्र श्री कन्हैया लाल कराड को आंवटित किया गया था। श्री नन्द किशोर के द्वारा श्री चौथमल खरेडिया पुत्र श्री मॉगीलाल को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। श्री चौथमल खरेडिया पुत्र श्री मॉगीलाल के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री चाही गई है। श्री चौथमल खरेडिया पुत्र श्री मॉगीलाल के द्वारा अपन नाम उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस रजिस्ट्री की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-391 केशवपुरा-7 आवासीय योजना कि रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री चौथमल खरेडिया पुत्र श्री मॉगीलाल नाम से जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/498 | दिनांकः-17.11.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 391 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 379 दिनांक 02.11.2015 को श्रीमती शोभा गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता के नाम आवंटन किया गया था। श्रीमती शोभा गुप्ता पत्नी श्री राजेश गुप्ता उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री राधाकृष्ण शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.12.2017 को श्री प्रभू लाल सिकरवाल पुत्र श्री गंगाराम सिकरवाल को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री प्रभू लाल सिकरवाल पुत्र श्री गंगाराम सिकरवाल द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 391 मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री प्रभू लाल सिकरवाल पुत्र श्री गंगाराम सिकरवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-1680 | **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** | दिनांकः-17.11.25

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 67 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 25.02.2010 को श्री दिनेश शर्मा पुत्र श्री गजानन्द शर्मा को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री संतोष कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.10.2017 को श्रीमती वैशाली पोरवाल पत्नी श्री संतोष पोरवाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 67 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती वैशाली पोरवाल पत्नी श्री संतोष पोरवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय सिविल न्यायाधीश उत्तर कोटा (राज.)

लक्ष्मीनारायण मीणा विरुद्ध अखिलेश नागर

बाबत स्थाई निषेधाज्ञा

वाद सं. 468 सन् 2024

(1) रामकिशन पुत्र श्री कालूलाल, स्थान-वार्ड नं.-9 तहसील अन्ता जिला बारां (राज.)
(2) कुन्दन सिंह पुत्र श्री हजारी लाल, स्थान-डीसीएम मेन रोड पेट्रोल पम्प के सामने रायपुरा कोटा (3) श्याम बिहारी पुत्र श्री परमानन्द नागर, स्थान-प्लाट नं. ए-54 शक्ति नगर दशहरा मैदान कोटा (4) अखिलेश नागर पुत्र श्री परमानन्द नागर, स्थान-प्लाट नं. ए-54 शक्ति नगर दशहरा मैदान कोटा

.........ने आपके विरुद्ध........ के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 21 माह 11 सन् 2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।


आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 13 माह 11 सन् 25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मोहर अदालत

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटा (उत्तर)



# जेवर व नकदी चोरी

**अजमेर।** अलवर गेट थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। पीडित् परिवार अपने बीमार रिश्तेदार से मिलने गया हुआ था, पीछे से चोरों ने मकान के ताले तोडक़र अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरत सहित नगदी चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है।

अलवर गेट थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार केसरी नंदन कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीडित् पवन ने बताया कि उसके ससुर की तबीयत खराब होने पर वह अपनी पत्नी के साथ उनके घर पर सोने गया हुआ था, सोमवार सुबह जब वापस घर पहुंचा तो ताले टूटे हुए मिले। पीडित् ने बताया कि कमरे में रखी अलमारी के ताले टूटे हुए थे, सामान बिखरा पड़ा था।

अज्ञात चोर पत्नी का मंगलसूत्र व एक चांदी का सिक्का और 5 हजार नगदी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। अलमारी में तोडफ़ोड़ भी की। पीडित् की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# सोने की चेन झपटने वाले गिरोह का खुलासा, तीन बदमाश पकड़े

**भीलवाड़ा।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने सोने की चेन झपटने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए, तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ **बाइक पर पीछे बैठे लडके ने गले में पहनी हुई सोने की चैन लूट ली।**

कोतवाल सुनील चौधरी ने बताया कि 12 नवंबर को प्रार्थीया चैना चौधरी निवासी 4 बी 23 न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर ने रिपोर्ट पेश की कि सूर्यमहल होटल से समाज के कार्यक्रम में भाग लेकर घर पर जा रही थी तभी पीछे से नीलकण्ठ कॉलोनी के पास पहुंची तब एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आये, जिसमें पीछे बैठे लडके ने गले में पहनी हुई सोने की चैन करीब 15 ग्राम को झपटा मारकर लूट ली। मामले में गहनता से जांच शुरू कर पुलिस ने आरोपी शम्भुलाल पिता कालु माली उम्र 18 साल निवासी चापानेरी थाना भीनाई जिला अजमेर हाल निवासी संजय कोलोनी, राहुल कोली पिता डालचंद कोली उम्र 19 साल निवासी गली नम्बर 3 सांगानेरी गेट, और किशन लाल पिता रामलाल माली उम्र 27 साल निवासी शर्मा कोलोनी विजयनगर को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा 6 महीने से इंसाफ की तलाश कर रहे जगदीश चंद्र आचार्य ने परेशान होकर सोमवार को पुलिस की कार्य प्रणाली के विरोध में टावर पर चढ़ गए। उन्होंने अपनी मांग रखी कि 6 महीने पहले हुई चोरी का पता लगाने के साथ ही माल की बरामद किया जाएं। पीड़ित जगदीश चंद्र आचार्य ने बताया कि अप्रैल में उन्होंने अपनी जीवन भर की कमाई से खरीदा हुआ 22 तोला सोना और 4 किलो चांदी अपनी बेटी के यहां पुर स्थित आवास पर रखवाया था। उनके दामाद ने बताया कि चोरी हो जाने से सोना और चांदी दोनों ही गायब हैं।

इसकी सूचना पीड़ित आचार्य की पत्नी को लगने के साथ ही उनका देहांत हो गया जबकि स्वयं जगदीश बीट इंचार्ज से लेकर आईजी तक कई बार शिकायत कर चुके हैं और चोरी का पता लगाने के लिए गुहार लगा चुके हैं। सभी लोग उन्हें आश्वासन देते हैं लेकिन अभी तक ना तो चोरों का पता लग सका है और ना ही चोरी का माल बरामद किया जा सका।

पीड़ित जगदीश चंद्र ने बताया कि हिंदुस्तान जिंक में काम किया करते थे उससे मिली पूरी रकम चोरी की वजह से बर्बाद हो चुकी है। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है इसलिए अब जीना नहीं चाहते।



भीलवाड़ा शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने सोने की चेन झपटने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## पत्नी से पीड़ित पति ने की आत्महत्या

**उदयपुर।** ऋषभदेव कस्बे में युवक ने पत्नी से पीड़ित होकर विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। ऋषभदेव निवासी विमलेश (45) पुत्र भीमराज प्रजापत ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। विमलेश ने विजयनगर गुजरात निवासी कल्पना पुत्री अमृतलाल से विवाह किया था। कुछ समय बाद कल्पना ने विमलेश के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कराया था।

# जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए सुझाव मांगे

**जालोर।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी सोमवार को प्रात:काल सर्किट हाउस जालोर में किसानों से संवाद किया तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली।

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की बात कही। उन्होंने सर्किट हाउस में आयोजित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की बैठक के दौरान कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं में फार्म पौण्ड, पाईपलाईन, कृषि यंत्र, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल जाट से प्रगति की जानकारी ली।

बैठक के दौरान उन्होंने उद्यान विभाग के सहायक निदेशक जोगेन्द्र सिंह को फलदार बगीचा स्थापना के साथ क्षेत्र विस्तार में बढ़ोतरी के सुझाव देने के साथ ही अनार विक्रय के लिए निर्देश दिए। ताकि कृषकों को पैदावार का उचित दाम मिल सकें। उन्होंने जिले में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों द्वारा की जाने वाली खेती की सराहना की।

उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिससे कि देश की कृषि क्षेत्र में प्रगति हो सकें। उन्होंने कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने तथा कृषि पैदावार में बढोतरी के लिए फार्म पौण्ड व जैविक खेती को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कहते हुए जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए सुझाव मांगे।

इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक व सहायक निदेशक कार्यालय के भवन का निर्माण करवाने तथा सांचौर मुख्यालय पर सहायक निदेशक कृषि विस्तार का नये कार्यालय की स्थापना के साथ ही पदों की स्वीकृति की मांग की ताकि दूरस्थ क्षेत्र के कृषकों को कृषि का लाभ मिल सकें। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा के तहत बकरी व भेडों की संख्या बढ़ाने के सुझाव दिए ताकि अधिकाधिक पशुपालकों को लाभ मिल सकें।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा, उद्यान विभाग के सहायक निदेशक जोगेन्द्र सिंह, कृषि विभाग के सहायक निदेशक जितेन्द्र सिंह व सुभाष गर्ग सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं कृषक उपस्थित रहे।



जालोर के सर्किट हाउस में राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने किसानों से संवाद किया। फोटो राष्ट्रदूत

# ओसियां चाडी चौराहा के पास में रात को बदमाशों के बीच घमासान

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के ओसियां चाडी चौराहा के पास गत रात में आपसी अदावत के चलते एक युवक पर कुछ बदमाशों ने कातिलाना हमला किया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख बदमाशों ने अपनी एसयूवी को भगाया और आगे जाकर एसयूवी एक ट्रक 407 से भिड़ गई। हमले और दुर्घटना में छह लोग घायल हुए है। सभी को देर रात में एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हमले में घायल की हालत थोड़ी गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने गंभीर घायल के पर्चा बयान पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या प्रयास में केस दर्ज किया है, जबकि बदमाशों की गाड़ी जिस ट्रक से टकराई उसके चालक ने बदमाशों के खिलाफ दुर्घटना की रिपोर्ट दी है। ओसियां पुलिस ने दो मामले दर्ज किए है। घायलों का पुलिस प्रकरण में जल्द गिरफ्तार कर लेगी। ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि फलोदी जिले के मतोड़ा निवासी रावल सिंह और दुर्ग सिंह के बीच पुरानी अदावत चल रही है। रविवार की देर शाम को रावल सिंह चाडी चौराहा पर ढाबे पर बैठा था। इसकी जानकारी मिलने पर कुछ लोग जिनमें बजरंग सिंह, पुखराज लेगा, देवेंद्र, ओमाराम एवं रमेश आदि वहां बोलेरो कैंपर लेकर पहुंचे। हथियारों से लैस इन लोगों ने रावल सिंह पर हमला किया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने तत्काल वहां पहुंच कर रावल सिंह को संभाला और तत्काल अस्पताल भिजवाया। बदमाशों के गाड़ी भगाकर ले जाने की जानकारी पर तत्काल पुलिस की तरफ से नाकाबंदी करवाई गई। आरोपी अपनी गाड़ी को लेकर मथानिया से होते हुए थोब की तरफ ले गए।

भागते समय कच्चा रास्ता भी पकड़ा। उनकी तलाश के लिए पुलिस ने मंडोर, करवड़ तक में भी नाकाबंदी करवाई थी।

## उदयपुर को मिला जल सरंक्षण में राष्ट्रीय सम्मान

**उदयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए लागू 'जल शक्ति जनभागीदारी (जेएसजेबी) 1.0' के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उदयपुर जिला राष्ट्रीयस्तर पर सम्मानित होने जा रहा है।

उदयपुर को वेस्टर्न जोन में कैटेगरी-2 में तीसरा स्थान मिला है।

---

## भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/15657 दिनांक :- 13/11/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 23/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में E1/EWSD-1 श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से कुल 02 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur** एवं **http://sppp.raj.nic.in** portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** portal का अवलोकन करें।

**UBN विवरण :— WAQ2526WSOB00256, WAQ2526WSOB00257**

राज.संवाद/सी/25/13965 अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)

## कार्यालय नगर परिषद टोंक

क्रमांक :—न.प.टोंक/निर्माण/2025—26/10417 दिनांक :— 12.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No. 50/ 2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 14.11.2025 (10.00AM) to 24.11.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (**www.Sppp.Rajasthan.gov.in**) of the state

**NIB No. NIB No. DLB2526A8003**

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 50/2025-26 | कृषि मण्डी के पास मे महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट (महिला शौचालय) निर्माण कार्य। (अनुमानित राशि 21.24 लाख) | DLB2526WSOB24036 |

Date & time of opening of tender 25.11.2025 at 3.00 PM

अति0 जिला कलक्टर एवं प्राधिकारी /प्रशासक न0प0टोंक — आयुक्त नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद/सी/25/13961

## कार्यालय नगर परिषद टोंक

क्रमांक :—न.प.टोंक/निर्माण/2025—26/10466 दिनांक :— 12.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No. 54/ 2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 14.11.2025 (10.00AM) to 24.11.2025 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (**www.Sppp.Rajasthan.gov.in**) of the state

**NIB No. NIB No. DLB2526A8007**

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 54/2025-26 | बनवारी लाल चौराहे के पास महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट (महिला शौचालय) निर्माण कार्य। (अनुमानित राशि 21.24 लाख) | DLB2526WSOB24040 |

Date & time of opening of tender 25.11.2025 at 3.00 PM

अति0 जिला कलक्टर एवं प्राधिकारी /प्रशासक न0प0टोंक — आयुक्त नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद/सी/25/13964

## कार्यालय भू-सम्पत्ति अधिकारी

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निविदा सूचना संख्या 10 (2025-2026)**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय भू—सम्पत्ति अधिकारी, |
| कार्य का नाम | स्वामी केशवानन्द विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। |
| निविदाओं की कुल लागत | रु. 796.14 लाख |
| निविदा बेचने की अंतिम तारीख | 26.11.2025 को सायं 5:00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख | 26.11.2025 को दोपहर 5.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 28.11.2025 को दोपहर 11 बजे पश्चात् |

**UBN : SKA2526WSOB00106 - 116**

आर.पी.डब्ल्यू.ए. 100 एवं Rajasthan Transparency in Public Procurement act 2012 की शर्ते लागू होंगी।

**नोट :—** निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp** देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/13968 भू-सम्पत्ति अधिकारी

## BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY

Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004

Ref. No. : BTU/297 Date : 17/11/2025

**Notice Inviting Bid**

Bikaner Technical University invites following bid:

| Sr. No. | Particulars | Estimated Cost | NIB No. | UBN No. | Last Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Electronics instruments of IDEA Lab | 30.39 Lacs | BTU2526 A0010 | BTU2526 GLOB00011 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |
| 2. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Mechanical instruments of IDEA Lab | 32.15 Lacs | BTU2526 A0011 | BTU2526 GLOB00012 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |
| 3. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Workstation and other Misc. instruments of IDEA Lab | 10.71 Lacs | BTU2526 A0012 | BTU2526 GLOB00013 | 26.11.2025 (Up to 1.00 PM) |

Others particulars of the bids can be find on the **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** of the state and Bikaner Technical University website **www.btu.ac.in.**

Raj.Samwad/C/25/13997 Finance Controller

## राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

**ई-निविदा सूचना संख्या-11 और 12 (2025-26)**

केंद्र/ राज्य सरकार के विभागों एवं रा. रा. वि. प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत / मान्य व अनुभवी निविदाकारो से ई निविदा सूचना संख्या-11 (2025-26) के क्र० स० 01 से 02 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० रतनगढ व क्र० स० 03 से 05 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० भडला व क्र० स० 06 से 07 अधिशाषी अभियन्ता दितीय (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र० स० 08 से 11 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर के अन्तर्गत कार्यों हेतु प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। एवमं निविदा सूचना संख्या-12 (2025-26) के क्र.स० 01 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० रतनगढ व क्र.स० 02 से 07 अधिशाषी अभियन्ता दितीय (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र.स० 08 से 15 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० बीकानेर व क्र.स0 16 से 18 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा०रा०वि०प्रसा०नि०लि० भडला के अन्तर्गत कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि व निविदा विशिष्टियां आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in. & www.rvpn.co.in** पर देखा जा सकता है।

**VPN2526WSOBO2166, 68, 59, 60, 61, 87, 89, 65, 67, 69, 70**

**VPN2526WSOBO2164, 56, 57, 58, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 71, 72, 83, 73, 84, 74, 75, 76**

राज.संवाद/सी/25/13985 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7245/2025 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) बीकानेर

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक/न.पा.ता./2024—25/3944 दिनांक :— 14.11.2025

**पट्टा निरस्तीकरण आदेश**

नगरपालिका तारानगर द्वारा जारी पट्टा के प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेज मिथ्या प्रस्तुत कर पट्टा जारी करवाने पर प्राप्त शिकायत तथा बाद जांच कमेटी रिपोर्ट का अवलोकन करने पर नगरपालिका द्वारा जारी निम्नलिखित पट्टा नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 03 (50) यूडीएच/ 03/2012 दिनांक 31.05.2012 के नियम 34 के उल्लेखित शर्त एवं Law (Legislative Drafting) Department (Group-II) Notification Jaipur April 15, 2021 Chapter-III Amendment in The Rajasthan Municipalities Act 2009 4 Insertion of New Section 73 B (Revocation of Allotment and Cancellation of lease deed), Rajasthan Act No. 18 में उल्लेखित प्रावधानुसार पट्टा निरस्त किया जाता है।

| क्र. स. | पट्टा धारक का नाम | पट्टाधारक का पता | मिशल नम्बर | पट्टा संख्या | जारी दिनांक | तादादी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद ईदरीश पुत्र मोहम्मद यासीन | वार्ड नं. 13 तारानगर, चूरू, राजस्थान | 4063 | 2440 | 10.08.2024 | 491.48 वर्गमीटर |

अतः राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 73—बी में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुये पट्टे के पेटे जमा समस्त राशि को राज सात कर उपरोक्त सूचीबद्ध पट्टा को निरस्त किया जाता है यह पट्टा निरस्तीकरण आदेश मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.11.2025 को जारी किया जाता है।

राज.संवाद/सी/25/14013 अधिशाषी अधिकारी

## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/AJMER-I/TRUST/2025/380 चूंकि प्रार्थी श्री धोबी जॉर्ज 10, दादा भाई कॉलोनी अजंता के पास, अजमेर (राजस्थान) 305001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास अपना थियेटर संस्थान अजमेर10, दादा भाई कॉलोनी अजंता के पास, अजमेर (राजस्थान) 305001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 19.12.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर

## Office of the Executive Engineer, PHED Distt Rural Div. I Bikaner

Email ID- eepheddn1bkn@gmailcom Contact No. 0151-2941473

No. 2490-2500 Date: 11.11.2025

**Notice Inviting Bid: 75-76/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 24.11.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 100.00 Lacs. UBN NO. PHE2526WSRC08398, PHE2526WSRC08399

*जल सीमित हैं, इसकी बचत करें।*

(Ram Prakash Meena) Executive Engineer PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/16728/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड करौली

क्रमांक-Rajkaj-3337-3357 दिनांक-10.11.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकां एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/कन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दुर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE-PWD2526A4257, UBN NO. 1. PWD2526WSOB16577, 2. PWD2526WSOB16580, 3. PWD2526WSOB16581**

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड करौली

DIPR/C/16751/2025

## EXECUTIVE ENGINEER KANWARSAIN LIFT DIVISION IGNP LUNKARANSAR

8306500456, email: xenksl@gmail.com, xenksl.ignp@rajasthan.gov.in

N.I.B. No. 03/2025-26/3727 Date: 07.11.2025

**Notice Inviting Bid**

(NIB CODE IGB2526A0095)

Bid for the & Nos work estimated cost Rs. 3.88 Lac to 96.53 Lac of invited from propective bidders upto 19.11.2025 at 6.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and www.water.rajasthan.gov.indepartmental website.

**UBN NO. IGB2526WSOB00439, IGB2526WSOB00440, IGB2526WSOB00441, IGB2526WSOB00442, IGB2526WSOB00443, IGB2526WSOB00444, IGB2526WSOB00445, IGB2526WSOB00446**

(RAMSWARUP SOHU) Executive Engineer Kanwarsain Lift Dn IGNP Lunkaransar.

DIPR/C/16766/2025

## जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबन्ध शाखा) नया पावर हाऊस परिसर, हैवी इंडस्ट्रीयल एरीया, जोधपुर-342003

**ई-निविदा सूचना**

एल.टी. क्रोस आर्म 600 एम.एम. क्लेंप सहित, एल.टी. क्रोस आर्म 1200 एम.एम. क्लेंप सहित TN-2091 (UBN JVV2526GLOB00727), की खरीद हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती हैं।

राज.संवाद/सी/25/13992 अधीक्षण अभियंता (पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबंध)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

## कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कोटा

Email-sdokot-kot-rj@nic.in, 0744-2325871

क्रमांक :- वसूली/अ.प्र./2025/2383 दिनांक :- 04/11/2025

**जरिये : सचिव कृषि उपज मंडी इटावा।**

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति इटावा व 102 किसानों की बकाया राशि वसूली बाबत् भू-राजस्व अधिनियम की धारा 229 सपठित धारा 256-257 के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 20/2022-2023, कृषि उपज मंडी बनाम कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी इटावा कोटा मालिक मैना गर्ग पत्नि अरविन्द गोयल निवासी बी-75 शुभ आंगन कॉलोनी रायपुरा कोटा की इस कार्यालय के कुर्की आदेश कमांक/वसूली/2022/563, दिनांकः 12/10/2022 तथा 662 दिनांक 28.12.2022 की पालना में तहसीलदार लाडपुरा कोटा द्वारा बाकीदार मैना गर्ग की कुर्कशुदा अचल सम्पत्ति राजस्व ग्राम कसार की ख० संख्या 1863/1074 क्षेत्रफल 0.72 हे0 (0.04 हे० बा.प्र. भूमि तथा 0.68 आद्योगिक प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तित) भूमि तथा कुर्कशुदा मकान बी-75, शुभ आंगन कॉलोनी, रायपुरा कोटा की अलग-अलग सार्वजनिक नीलामी दिनांकः 08/12/2025 को स्थान तहसील कार्यालय लाडपुरा कोटा पर प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक पुकरवाई जाएगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति बोली लगाने हेतु दिनांक 08/12/2025 को मौके पर उपस्थित होकर बोली लगावें।

**बोली की शर्ते :**

1. बोलीदार को बोली लगाने से पूर्व 10,000/- रू राशि जमा करवानी होगी।
2. बोली समाप्त होने पर बोली की चौथाई राशि जमा तुरन्त करानी होगी।
3. बोली को स्वीकृत करने/नहीं करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
4. बोली स्वीकृत होने पर शेष राशि 15 दिवस में जमा करानी होगी। उक्त अवधि में राशि जमा नहीं होने की स्थिति में चौथाई राशि जब्तराज कर पुनः नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।
5. अन्य शर्तें जो वक्त बोली निर्धारित की जावे वो राज० राज भू-राजस्व अधिनियम के तहत ही मान्य होगी।

राज.संवाद/सी/25/13975 उपखण्ड अधिकारी

## जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

प्रभारिम शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (भरतपुर संभाग) पावर हाउस के पास, मोतीझील, भरतपुर (ई-मेल - zcebz@jvvnl.org फोन नं.-05644-236080)

**ई-निविदा सूचना**

टी.एन.—56, 57 एवं 58 के लिए योग्य निविदादाताओं ऑनलाईन—निविदा दो भागों (तकनीकी—वाणिज्यिक), में श्रम दर पर आमंत्रित किऐ जाते है। टी.एन. -56:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, भरतपुर के अन्तर्गत भरतपुर वृत में 33/11 केवी सब—स्टेशन जाटोली रतभान का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। टी.एन. -57:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम), जयपुर डिस्कॉम, गंगापुरसिटी के अन्तर्गत सवाईमाधोपुर वृत में 33/11 केवी सब—स्टेशन थडी का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। टी.एन. -58:- सहायक अभियन्ता (एच.टी.एम.), जयपुर डिस्कॉम, हिण्डोन के अन्तर्गत करौली वृत में 33/11 केवी सब—स्टेशन महसवा का निर्माण मय 33 केवी लाईन व 11 केवी लाईन खीचने का कार्य निगम एआरसी दर पर करने के लिये। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई—प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 14.11.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई—पोर्टल पर दिनांक 27.11.2025 (सायं 5:00 बजे) तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

**(TN-56, UBN : VVN2526WSOB00490)**
**(TN-57, UBN : VVN2526WSOB00491)**
**(TN-58, UBN : VVN2526WSOB00492)**

राज.संवाद/सी/25/13990 जेपीआर - 3080 (2025) संभागीय मुख्य अभियन्ता (भरतपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

## कार्यालय नगर परिषद् सलूम्बर, जिला सलूम्बर (राज.)

क्रमांकः न.प.स/स्टोर/2025—26/1866—67 दिनांक :— 12.11.2025

**ई— निविदा सूचना – वित्तिय वर्ष 2025—26**

नगर परिशद् कार्यालय सलूम्बर द्वारा नगर परिशद सलुम्बर एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारो/संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई—प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट **www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | कुल 04 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रु. 95.00 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 13/11/2025 दोपहर 04.00 बजे से 23/11/2025 सांय 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 13/11/2025 दोपहर 04.00 बजे से 23/11/2025 सांय 06.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से नगर परिषद् कार्यालय में डी.डी. जमा कराने की दिनांक | 24/11/2025 दोपहर 12.30 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 24/11/2025 सांय 02.30 बजे |

NIB CODE:- DLB2526A8009

| UBN | |
|---|---|
| 1. DLB2526SLOB24042 | 2. DLB2526SLOB24044 |
| 3. DLB2526SLOB24045 | 4. DLB2526SLOB24046 |

सभापति नगरपरिषद् सलूम्बर — आयुक्त नगरपरिषद् सलूम्बर

राज.संवाद/सी/25/13947

## राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

छबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन, छबड़ा (राज.)

**ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/वार्षिक अनुबन्ध/सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है: 35(RVU2526WSOB01595) सीडब्ल्यू और एसीडब्ल्यू सिस्टम के संचालन एवं रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस, 36(RVU2526SLOB01584) टीजी बिल्डिंग, सर्विस बिल्डिंग, बॉयलरएवं ईएसपी ट्रेक्शन एलिवेटर्स का रखरखाव, 37(RVU2526WSOB01568) ऑनलाइन सीलिंग तकनीक द्वारा इकाइयों के किसी भी शटडाउन के बिना ऑनलाइन लीकेज अटेंड करने के लिए रखरखाव, 38(RVU2526WSOB01586) सिविल आर एंड एम कार्य, 39(RVU2526SSOB01599) ट्रेवी परीक्षण विधि द्वारा ऑनलाइन सेफ्टी वाल्व सेटिंग, 40(RVU2526SSOB01592) विभिन्न प्रकार के 13 आर.ओ. वाटर प्यूरीफायर सिस्टम का रखरखाव, 41(RVU2526WSOB01569) बॉयलर फीड पंपस डिस्चार्ज कवर की रिपेयरिंग/रिकंडिशनिंग, 42(RVU2526SLOB01579) फायर फाइटिंग और रूटीन कार्यो व अन्य सम्बंधित कार्यो को करने में सहायता, 43(RVU2526WSOB01589) नियंत्रण कक्ष भवन, टरबाइन फ्लोर और डिरेटर क्षेत्र आदि की सफाई और हाउसकीपिंग, 44(RVU2526WSOB01594) फील्ड हॉस्टल और मल्टी—स्टोरी R-3 & R-4 टाइप क्वार्टरों के लिए सिविल कार्य, 45(RVU2526WSOB01596) 6x1000 मीट्रिक टन आरसीसी मुख्य साइलो/2x400 मीट्रिक टन इंटरमीडिएट सर्ज हॉपर (आपात स्थिति में) से फ्लाई ऐश को ऐश डाइक या किसी अन्य निर्धारित स्थान तक एकत्रित/उठाने एवं निपटान करने तथा ऐश को ऐश डाइक क्षेत्र में फैलान, 46(RVU2526WSOB01590) क्षतिग्रस्त TW सीरीज APH ड्राइव यूनिट गियर बॉक्स की पूर्ण मरम्मत/पुनर्निर्माण/नवीनीकरण, 47(RVU2526SSOB01585) ऑनलाइन डेटा मॉनिटरिंग का रखरखाव, 48(RVU2526SLOB01572) डीसीएस, पीएलसी, कॉमन सिस्टम और डेल/एचपी के ऑफिस कार्य डेस्कटॉप और अन्य मेक सर्वर वर्कस्टेशन, सीपीयू, मॉनिटर, लेपटॉप (डेल/एचपी) और प्रिंटर की मेंटेनेंस, 49(RVU2526WSOE01574) रेक्टिफायर ट्रांसफार्मर्स और ईएसपी नियंत्रकों के रूटीन, ब्रेकडाउन और कैपिटल मेंटेनेंस, 50(RVU2526WSOB01598) बॉटम ऐश हैंडलिंग सिस्टम के रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस और संचालन में सहायता, 51(RVU2526WSOB01587) विभिन्न भवनों के क्षतिग्रस्त रोलिंग शटरों की मरम्मत, रखरखाव और प्रतिस्थापन, 52(RVU2526WSOB01600) डेन्स फेज ड्राई फ्लाई ऐश हैंडलिंग सिस्टम के रूटीन, ब्रेकडाउन, कैपिटल मेंटेनेंस और संचालन में सहायता, 53(RVU2526SLOB01552) ड्राइवरों सहित 05 एसी मारुति स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष सेडान वाहन (वर्ष 2025 या बाद के) हायरिंग के लिए दो वर्ष का अनुबंध, 624(RVU2526GLOB01573) सीए, एएचपी और टीजी क्षेत्र ईओटी क्रेन के लिए ईओटी क्रेन रिमोट कंट्रोल सिस्टम का ईटीसी कार्य और क्रेन और हॉइस्ट के लिए पेंडेंट और रिमोट कंट्रोल सिस्टम, 627(RVU2526GLOB01553) बेल्ट वॉच सेंसर्स और स्विचेस, 630(RVU2526GLOB01583) न्यूमेटिक स्मार्ट पोजिशनर्स, 633(RVU2526GLOB01555) एयर ऑयल कूलर, 635(RVU2526GSOB01577) प्रॉक्सिमिटी स्विचेज, 636(RVU2526GLOB01582) पीएच कंडक्टिविटी और फ्री क्लोरीन एनॉलाइजर्स, 638(RVU2526GLOB01558) TN-638(MM) के अगेनस्ट दो मल्टीपर्पज फायर टेण्डर (RJ-28EA-0956 और RJ-28EA-0957) के स्पेयर/सहायक उपकरण, 641(RVU2526GLOB01559) फिल्टर्स, 643(RVU2526GLOB01563) वैगन टिपलर और साइड आर्म चार्जर के मैकेनिकल स्पेयर्स, 631(RVU2526GSOB01575) नॉन मैटेलिक एक्सपेंशन बैलोंज और फैब्रिक बैलोंज, 632(RVU2526GSOB01554) इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक थ्रस्टर ब्रेकर्स, 634(RVU2526GSOB01556) कार्डन शाफ्ट, 637(RVU2526GSOB01571) डिटेक्टरों और स्पेस हीटर एवं 642(RVU2526GSOB01561) विभिन्न प्रकार के एनामेल पेंट की आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** (ई—निविदा हेतु), **www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/13989 RVUN/PR-4297 अति. मुख्य अभियन्ता (ओ. एण्ड एम.)

## कार्यालय नगर परिषद,दौसा (राजस्थान)

क्रमांकःन.प.दौ/निर्माण/2025/4577 दिनांक 13.11.2025

**ई—निविदा सूचना /**

नगर परिषद दौसा द्वारा निम्न कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिये नगर परिषद दौसा द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु सेवाओं (सफाई) में इच्छुक एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई—प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई—निविदा से संबंधित विवरण Website: **http://eproc.rajasthan.gov.in/** Download एवं Upload व **http://sppp.rajasthan.nic.in** से **Download** की जा सकती हैं :—

| निविदा के कुल कार्यों की संख्या | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा Download/Upload करने की अंतिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा की बिड खोलने की दिनांक व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 13.11.2025 | 22.11.2025 को 6.00 पीएम तक | 24.11.2025 11.00 एएम तक | 24.11.2025 दोपहर 2.00 बजे पश्चात्। | DLB2526SLRC24022, DLB2526SLRC24023, DLB2526SLRC24024, DLB2526SLRC24025, DLB2526SLRC24026 |

राज.संवाद/सी/25/13952 आयुक्त नगर परिषद, दौसा

# उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों के लिए वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के दिये निर्देश

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के दिए निर्देश



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रमुख शासन सचिव पर्यटन राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ की उपस्थिति में शासन सचिवालय में बैठक ली।

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रमुख शासन सचिव पर्यटन राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ की उपस्थिति में शासन सचिवालय में पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही समय बद्धता से लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए।

दिया कुमारी ने महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट, शेखावाटी हवेलियों, ट्राईबल सर्किट, जवाहर कला केन्द्र, शिल्पग्राम जैसे विकास कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के मार्केटिंग शाखा द्वारा एआर/वीआर शो की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए एआर/वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के भी निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने उक्त समीक्षा बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा झुन्झुनू में बनवाये जाने वाले वार म्यजियम की चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री को ट्यूरिज्म ऐप हेतु जानकारी दी गई कि इस हेतु बोली की तैयारी प्रक्रियाधीन है। दिया कुमारी को पर्यटन विभाग की विकास शाखा/टीआरसी जयपुर की ओर से जेडीए को जयपुर में कॉन्सर्ट पर्यटन के विकास हेतु पूर्व में आरक्षित भूमि को आवंटित करने का अनुरोध करने की जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि होहो के लिए जेसीटीएसएल द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि नगर निगम जयपुर द्वारा जयपुर वाल्ड सिटी वर्क तकनीकी बोलियाँ अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। इसी प्रकार ए एण्ड एम द्वारा अल्बर्ट हाल वर्क हेतु प्राप्त ई-निविदाएँ समीक्षा प्रक्रिया में हैं। आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किये जाने वाले आमेर मास्टरप्लान पर भी चर्चा की गई।

# विद्युत विभाग का लाईन मैन अपने दलाल साथी सहित रिश्वत लेते गिरफ्तार

- लाइनमैन द्वितीय दिनेश कुमार और प्राइवेट व्यक्ति राजकुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया
- शिकायत मिलने पर एसीबी ने गोपनीय सत्यापन करवाया गया

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भिवाड़ी टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय कनिष्ठ अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम मुबारिकपुर तहसील राजगढ़ जिला अलवर के लाइनमैन द्वितीय दिनेश कुमार और प्राइवेट व्यक्ति राजकुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की भिवाड़ी टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिताजी के नाम करीब 3 वर्ष पूर्व फेस कृषि कनेक्शन की पत्रावली सहायक अभियंता जेवीवीएनएल रामगढ जिला अलवर में लगाई थी। जिसका डिमांड नोटिस करीब 10 माह पूर्व उक्त कार्यालय द्वारा जारी किया गया तो उसके द्वारा डिमांड नोटिस राशि जमा करवाई गई।

इस कनेक्शन के पेटे ट्रांसफार्मर की इण्डेन कटवा कर ट्रांसफार्मर देने की एवज में लाइनमैन द्वितीय दिनेश कुमार दिनेश कुमार और लाइन मैन वीरेन्द्र सिंह की ओर से छह हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने पर एसीबी ने गोपनीय सत्यापन करवाया गया। एसीबी ओम भिवाडी के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए लाईन मैन द्वितीय दिनेश कुमार और दलाल राजकुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

## डिजिटाइजेशन में राजस्थान सभी राज्यों में अग्रणी

**जयपुर।** राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत गणना प्रपत्र वितरण, सत्यापन तथा डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरे राज्य में सक्रिय रूप से चल रही है। इस अभियान में बूथ लेवल अधिकारियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पिछले 14 दिनों में घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए हैं तथा उन्हें इस बात की विस्तृत जानकारी दी है कि प्रपत्र कैसे भरा जाए और किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की गति लगातार बढ़ रही है और अब तक 1.65 करोड़ गणना प्रपत्र ईसीआईनेट पर अपलोड किए जा चुके हैं। जिन 12 राज्यों में फेज टू का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है।

## भगवती पेपर मिल में लगी भीषण आग

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा थाना इलाके में स्थित रीको एरिए में एक पेपर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लाखों रुपए का माल आग की भेंट चढ़ गया। सूचना पर आठ अलग-अलग जगहों की दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के आग आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टि आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किल बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि कालाडेरा रीको औद्योगिक क्षेत्र में रविवार देर रात भगवती पेपर मील में अचानक से आग लग गई थी। जिसमें लाखों रुपए का कच्चा पेपर आग की भेंट चढ़ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारी को दी।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी जय कुमार जांगिड़ ने बताया कि मौके पर पहुंचने से आग विकराल रुप धारण कर चुकी थी। जिसे काबू में करने के लिए चौमूं, जयपुर, कालाडेरा, सरना डूंगरी, जोबनेर ,रेनवाल, रींगसे और मंडा सहित आठ अलग -अलग जगहों से फायर बिग्रेड की गाड़ियों को बुलाया गया। दमकल विभाग की आठ गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टि से आग का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया।

# छात्रों में उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए आईस्टार्ट कार्यक्रम संचालित

- 7100 से अधिक स्टार्टअप्स को मिला 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नवीन उद्यमों को बढ़ावा मिलने से राजस्थान में रोजगार का सृजन और निवेश में वृद्धि हो रही है। शर्मा के निर्देशन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राज्य में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईस्टार्ट कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसके तहत आईस्टार्ट राजस्थान (एकीकृत स्टार्टअप प्लेटफॉर्म) के माध्यम से प्रदेश में स्टार्टअप्स को सुविधाएं और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा आईस्टार्ट पोर्टल प्लेटफॉर्म का संचालन और प्रबंधन किया जा रहा है, जिससे यह देश के बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बन गया है। इसके साथ 7100 से अधिक स्टार्टअप जुड़े हुए हैं, जिन्हें 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिल चुका है, जिससे प्रदेश में 42 हजार 500 से अधिक रोजगार सृजित हुए है। स्टार्टअप्स को मान्यता, उन्नयन, कौशल विकास, प्रोत्साहन, फंडिंग आईस्टार्ट प्लेटफॉर्म से मिल रही है। स्टार्टअप्स से संबंधित सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल बनाया गया है।

आईस्टार्ट पोर्टल सभी प्रोत्साहनों के लिए वन-स्टॉप गेटवे के रूप में कार्य कर रहा है। आईस्टार्ट कार्यक्रम के तहत सरकारी अधिकारियों, स्टार्टअप्स, मेंटर्स, छात्रों, शिक्षकों, व्याख्याताओं, स्कूलों, प्रशासकों आदि के लिए पोर्टल पर डैशबोर्ड बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टार्टअप्स को विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं।

क्यूरेट प्रोग्राम देश का एकमात्र स्टार्टअप रेटिंग तंत्र है। इसमें स्टार्टअप्स का मूल्यांकन कर परीक्षण किया जाता है और उन्हें वित्तीय सहायता और इनक्यूबेशन सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके जरिए स्टार्टअप की निवेश क्षमता पर भी विस्तृत रिपोर्ट बनाई जाती है और स्टार्टअप संस्थापकों को उनके उत्पाद, रणनीति, व्यावसायिक योजनाओं और बाजार को बेहतर बनाने, कमियों व सीमाओं पर काम करने के लिए बूट कैंप आयोजित किए जाते हैं।

इनक्यूबेशन प्रोग्राम से मुफ्त स्थान, कनेक्टिविटी, कंप्यूटर हार्डवेयर, बुनियादी ढांचा, मेंटरशिप, बाजार से संपर्क, वीसी और निवेशक संपर्क, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों व विशेषज्ञों से संपर्क की सुविधा मिलती है। आईस्टार्ट नेस्ट निवेशकों और सलाहकारों का नेटवर्क है, जो स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने और नवाचारों को विकसित करने में मदद करता है। इस प्रोग्राम के जयपुर में इनक्यूबेशन सेंटर, टेक्नोहब और भरतपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, पाली और चूरू में आईस्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेटर हैं। सभी इनक्यूबेशन सेंटरों में स्टार्टअप्स के लिए 2000 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं।

टेक्नो हब देश का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है, इसमें 700 से ज्यादा स्टार्टअप्स के लिए स्थान है और 1 लाख 50 हजार वर्ग फुट का इनक्यूबेशन स्पेस है। टेक्नो हब स्टार्टअप्स के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है। इनक्यूबेशन सेंटर की सुविधा संभाग स्तर पर भी उपलब्ध है।

राज्य सरकार द्वारा स्टार्टअप को आइडिया व प्रोटोटाइप चरण में 2 लाख 40 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता (महिला स्टार्टअप के लिए 3 लाख रुपये) दी जाती है। इसी प्रकार, सीड चरण में 60 लाख रुपये तक और ऋण के रूप में 2 करोड़ रुपये तक वित्तीय सहायता और इक्विटी के रूप में 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

## अनिल मलिक ने चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर का किया निरीक्षण

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अनिल मलिक ने जयपुर के रामनगरिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, जयपुरिया अस्पताल में परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर और मानसरोवर में बाल अधिकारिता विभाग के तहत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर का निरीक्षण किया। मलिक ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

# जवाहर कला केंद्र में आज से होगा सूफी फेस्टिवल

**जयपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज और जवाहर कला केंद्र, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 20 नवम्बर तक सूफ़ी फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

तीन दिवसीय यह उत्सव सूफ़ी संगीत, कव्वाली और नृत्य कला की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ देश की गंगा-जमुनी संस्कृति का जीवंत संदेश देगा। सूफियाना अंदाज, मधुर सुरों और लयात्मक नृत्य की संगत से यह आयोजन दर्शकों को आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता का मनोरम अनुभव कराएगा।इस कार्यक्रम का शुभारंभ 18 नवम्बर को जुबैर नईम अजमेरी एवं समूह (जयपुर) की सूफ़ी गायन प्रस्तुति से होगा।

इसके साथ ही संगीता सिंघल एवं समूह (जयपुर) शास्त्रीय नृत्य कथक से मंच को अलंकृत करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 19 नवम्बर को बुन्दू खान एवं समूह (जयपुर) अपनी सूफियाना गायकी से समा बाँधेंगे। इसके बाद सलीम राजा एवं समूह (गाजियाबाद) पारंपरिक कव्वाली गायन की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के आख़िरी दिन 20 नवम्बर को शानेआलम साबरी एवं समूह (नजीबाबाद) सूफी गायन की सुरीली प्रस्तुति देंगे, वहीं मीनू गारू एवं समूह (नई दिल्ली) का कथक नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा।

कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 6:00 बजे केंद्र के रंगायन सभागार में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रवेश पहले आएँ, पहले पाएँ के आधार पर होगा।

# प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत : डॉ. किरोड़ी लाल

- सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों के लिए बड़ा राहत पैकेज जारी किया
- बारिश और आपदाओं के कारण हुई 112 जनहानि में प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई

**जयपुर।** राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों के लिए बड़ा राहत पैकेज जारी किया है। बे मौसम बारिश, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान की समीक्षा के बाद सरकार ने 43 लाख 39 हजार किसानों को 2,600 करोड़ रुपये के कृषि आदान-अनुदान वितरण का निर्णय लिया है।

आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि वर्ष 2025 में हुई बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रदेश के 30 जिलों में 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराब हुई है, जबकि 11 जिलों में फसल नुकसान 33 प्रतिशत से कम आंका गया है। विभागीय अधिसूचना के अनुसार 24 जिलों के 14,687 गांवों के कुल 43 लाख 39 हजार किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें एसडीआरएफ नियमों के तहत राहत राशि वितरित की जाएगी।

मंत्री ने बताया कि असामान्य बारिश के कारण प्रदेश में सार्वजनिक परिसंपत्तियों को भी गंभीर क्षित पहुँची है। इसके पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए सरकार ने 50,308 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है, जिन पर 1,012 करोड़ 61 लाख रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। इनमें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत के 14,212 कार्यों पर 293 करोड़ 13 लाख रुपये तथा पुलिया मरम्मत के 1,161 कार्यों पर 7 करोड़ 20 लाख रुपये का व्यय स्वीकृत किया गया है।

जल संसाधन विभाग के 903 कार्यों के लिए 18 करोड़ 67 लाख रुपये, चिकित्सा विभाग के 700 कार्यों के लिए 13 करोड़ 18 लाख रुपये, पंचायती राज विभाग के 873 कार्यों के लिए 19 करोड़ 39 लाख रुपये, पीएचईडी के 17 कार्यों के लिए 22 लाख 69 हजार रुपये तथा शिक्षा विभाग के 24,531 कार्यों पर 486 करोड़ 94 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के 7,911 कार्यों के लिए 173 करोड़ 03 लाख रुपये अनुमोदित किए गए हैं।

बारिश और आपदाओं के कारण हुई 112 जनहानि में प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 4 करोड़ 48 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पशुओं के नुकसान, घर के सामान, कपड़ों तथा मकानों की मरम्मत हेतु 11 करोड़ 54 लाख रुपये की सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

राज्य सरकार ने कहा है कि वह प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हर नागरिक के साथ खड़ी है और त्वरित राहत, पारदर्शिता तथा पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव शनिवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर मृतका की माँ ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थानाधिकारी नरेंद्र खीचड़ ने बताया कि विवाहिता ज्योति पत्नी महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद इलाके की रहने वाली थी। इसके पहले पति से इसका तलाक हो चुका था ओर 4 महीने पहले महेंद्र से इसकी शादी हुई थी।मृतका की मां लीला देवी ने मामला दर्ज कराया है कि शादी के बाद से ज्योति के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। महेंद्र सिंह, हरफूल जाट ,बजरंग जाट और शंकर जाट के साथ मिलकर उसकी बेटी को 14 नवंबर को गला घोट के मौत के घाट उतार दिया। पुलिस को ज्योति के गले पर चोट के निशान मिले है।

# रनिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर निर्णय नहीं लिए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया




मंडल अध्यक्ष के एस अहलावत, मंडल मंत्री राकेश यादव एजीएस गोपाल मीना की अगुआई में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया ।


- जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया

**जयपुर।** ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के आव्हान पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन महामंत्री मुकेश माथुर के निर्देश पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयीज यूनियन के बैनर तले सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे स्थित विभिन्न रनिंग लॉबी पर रेलवे बोर्ड द्वारा रनिंग कर्मचारियों के मुद्दों पर निर्णय नहीं लिए जाने एवं जोनल प्रशासन द्वारा मनमर्जी से कार्यवाही करने के विरुद्ध में लोको पायलट एवं गाड़ी प्रबंधक संयुक्त लॉबी जयपुर पर मंडल अध्यक्ष के एस अहलावत, मंडल मंत्री राकेश यादव एजीएस गोपाल मीना की अगुआई में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

यूनियन के सहायक मण्डल मंत्री अनूप कुमार शर्मा ने बताया कि आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की कोलकाता में विगत दिनों सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार यह प्रदर्शन पूरे देश में किया गया। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते के 50 हो जाने पर 25 की दर से सभी भत्तों में वृद्धि कर दी गई है, लेकिन रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर भत्ते में अभी तक वृद्धि नहीं हुई है। इसी प्रकार किलोमीटर भत्ते के 70 भाग को आयकर से मुक्त करने का निर्णय अभी तक सरकार ने नहीं लिया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर मनमर्जी से क्रू वर्किंग में बदलाव किया जा रहा है, और रेवाड़ी लॉबी और जयपुर मण्डल के गाड़ी प्रबंधकों एवम लोको पायलटों सहायक लोको पायलटों समेत रनिंग स्टाफ का तबादला किया जा रहा है जबकि लोको पायलट (मालगाड़ी) के पदों पर प्रधान कार्यालय के निर्देशों के बावजूद पदोन्नित नहीं हो रही है, एकतरफा निर्णय करके नई लॉबी खोली जा रही है एवं कैडर रिव्यू इस वर्ष का अभी तक जारी नहीं किया गया है। इन सभी मुद्दों पर लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, सीएलआई एवं अन्य रनिंग कर्मचारी अपना रोष प्रकट किया। यह विरोध प्रदर्शन उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, मण्डल की विभिन्न लॉबियो अजमेर, आबू रोड, उदयपुर, जयपुर, फुलेरा, बांदीकुई, रेवाड़ी,बीकानेर, भिवानी, हिसार, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, चूरू, जोधपुर, मेड़ता रोड एवं समदड़ी लॉबी पर आयोजित किया गया ।

# सरदार पटेल यूनिटी मार्च में देशभक्ति और एकता का संदेश दिया



चौथ का बरवाड़ा में भव्य सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया ।

- भाजपा महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसमूह को संबोधित किया

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में सोमवार को चौथ का बरवाड़ा में भव्य सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। गुड़ला वाले हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर चौथ का बरवाड़ा ट्रस्ट की धर्मशाला तक निकाले गए इस ऐतिहासिक मार्च ने पूरे क्षेत्र में उत्साह, देशभक्ति और एकता का अनूठा संदेश दिया। मार्च की भव्यता में स्थानीय कलाकारों ने विशेष रंग भरा।

राजस्थानी लोकगीतों, देशभक्ति के नारों, ऊंट-घोड़ों की पारंपरिक झांकियों तथा दंगल कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने वातावरण को जीवंत कर दिया। क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यूनिटी मार्च का जगह-जगह विभिन्न समाजों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। युवा, बुजुर्ग, महिलाएँ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मार्च में लगातार जुड़ते गए, जिससे इसका स्वरूप और अधिक विशाल व ऐतिहासिक बन गया।

भाजपा महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी संगठन क्षमता और राष्ट्रिनर्माण की दूरदर्शिता नवभारत की मजबूत नींव है। उनका जीवन हमें कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। इस यूनिटी मार्च के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में संदेश दिया एक भारत, श्रेष्ठ भारत, केवल नारा नहीं, हमारा संकल्प है। यूनिटी मार्च में भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# चैटबॉट के माध्यम से बीमार पशुओं के इलाज में अभूतपूर्व पहल

**जयपुर।** राजस्थान में पशुपालन विभाग ने तकनीकी नवाचार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बीमार पशुओं के उपचार हेतु 'चैटबॉट प्रणाली' की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल से अब पशुपालक अपने पशुओं की बीमारी, लक्षण और संबंधित समस्याओं की जानकारी सीधे विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुँचा रहे हैं और उन्हें त्वरित चिकित्सा परामर्श प्राप्त हो रहा है। पिछले छः महीने के दौरान प्रदेश में 82713 पशुपालक इस माध्यम से जुड़ कर सलाह ले चुके हैं और 65490 पशुओं को चिकित्सा सहायता दी जा चुकी है।

केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने पशुपालन विभाग राजस्थान के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में विस्तारित करने योग्य बताया। बघेल ने राजस्थान सरकार के इस नवाचार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य राज्यों के लिए भी चैटबॉट मॉडल को अपनाने की बात कही है।पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पशुपालन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चैटबॉट जैसी तकनीकी पहलें पशुपालकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर पशुपालक को घर बैठे चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो।

विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में चैटबॉट प्रणाली को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने की योजना है, जिससे पशुओं की बीमारियों का त्वरित विश्लेषण और निदान और भी सटीक हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने भी राजस्थान के 1962 चैटबॉट मॉडल की सराहना करते हुए इस मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कृषि, पशुपालन, डेयरी डवलपमेंट एवं मत्स्य विभाग के उप सचिव एम.बी. माराले ने महाराष्ट्र में संचालित 1962 महापशुधन संजीवनी एप के माध्यम से राजस्थान की तर्ज पर वाट्सएप चैटबॉट की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा के अनुसार, चैटबॉट प्रणाली ने पशु उपचार सेवाओं को अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ बनाया है। इससे न केवल उपचार की प्रक्रिया में तेजी आई है।

## 6 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस ने इंडिया पुलिस फाउंडेशन के मार्गदर्शन में एक महत्वाकांक्षी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया ,जिसका उद्देश्य कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को पुलिस के व्यापक उत्तरदायित्वों और सामुदायिक सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कम्यूनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार के निर्देशन व नोडल अधिकारी पंकज चौधरी के नेतृत्व में मुख्य प्रबन्धक आइपीएफ पूनम अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस विमला मेहरा के सहयोग से यह कार्यक्रम जयपुर शहर और ठामीण क्षेत्रों के दो चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों लक्ष्मण डूंगरी,गलतागेट और एस.के.एन. विद्यालय जोबनेर में शुरू हुआ। आईपीएस ने इस पहल के महत्व को रेखांकित किया।कम्युनिटी पुलिसिंग को भविष्य की पुलिसिंग के तौर स्थापित करने के साथ उन्होंने बताया।

## संक्षिप्त

### सांसद अग्रवाल मतदाता पत्र भरा

भीलवाड़ा। सांसद दामोदर अग्रवाल ने आम व जागरूक नागरिक की तरह का फार्म भरकर विशेष गहन परीक्षण में अपना मतदाता के तौर पर परिगणना प्रपत्र भरकर को सौंपा। सांसद अग्रवाल ने आज आने परिवार सहित फार्म भरकर आम जनता को आ ान किया की विशेष गहन परीक्षण में अपनी मत सुरक्षित रखने हेतु परीक्षा प्रपत्र भरकर बिलों को को प्रस्तुत करें तथा निर्वाचन आयोग के भावना के अनुरूप मतदाता सूची के शुद्धिकरण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। सांसद ने जानकारी देते हुए बताया कि गणना से दोहरी नागरिकता समाप्त हो जाएगी एक जगह ही मतदाता सूची में नाम रह जाएंगे । सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री अग्रवाल ने कांठोस के वोट चोर गद्दी छोड़ नारे को नकारते हुए कहा कि ये परिगणना आईना है इस तरह के नारे देने वालो को। अग्रवाल ने पारदर्शी तरिके से परिगणना करवाने पर चुनाव आयोग को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कार्यालय का शुभारंभ 18 को

निम्बाहेड़ा । राज्य सरकार द्वारा बजट में स्वीकृत उप परिवहन कार्यालय, निम्बाहेड़ा का शुभारंभ 18 नवम्बर 2025, मंगलवार को आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण सुविधा के प्रारंभ से क्षेत्रवासियों को परिवहन संबंधी कार्यों के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा तथा स्थानीय स्तर पर ही सभी सेवाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निम्बाहेड़ा एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचन्द कृपलानी शिरकत करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम दोपहर 2 बजे, ट्रांसपोर्ट नगर, जेके तिराहा, निम्बाहेड़ा में आयोजित किया जाएगा । स्थानीय जन में इस कार्यालय के प्रारंभ को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, इसके शुरू होने से लाइसेंस, वाहन पंजीयन कर जमा सहित कई परिवहन सेवाएं सरल एवं सुगम होंगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा आमजन के साथ ही ट्रांसपोर्ट व्यवसायी उपस्थित रहेंगे।

### पेंशन के लिए भटक रही है विधवा

भीलवाड़ा। जिले के शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के खामोर गांव की 54 वर्षीय विधवा मुन्नी देवी दारोगा छह महीनों से विधवा पेंशन के 7500 रुपए वापस पाने के लिए दर-दर भटक रही है। उसकी 6 महीनों की 1250 रुपए प्रति माह के - हिसाब से पेंशन किसी गलती से आसींद के पंजाब नेशनल बैंक में किसी दूसरी महिला के खाते में चली गई और तब से मुन्नी देवी एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भटकती घूम रही है। मुन्त्री देवी का जीवन यापन विधवा पेंशन से ही होता है, लेकिन छह महीने से पेंशन नहीं मिलने से जीना दूभर हो गया है। ठाामीणों ने उसकी स्थिति देखकर उसे ट्रेजरी ले गए, जहां उसकी पेंशन गलत खाते में डालने की बात सामने आई। वह आसींद के पंजाब नेशनल बैंक पहुंची, पर वहां ट्रेजरी से मेल आने के बाद पेंशन होल्ड करने की बात कही। ग्रामीणों ने शाहपुरा ट्रेजरी के एटीओ प्रियकांत से बात की, तो उन्होंने एक्सेस नहीं होने की कहते हुए पंचायत समिति या जयपुर से सुधरने की बात कही। पंचायत समिति प्रसार अधिकारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने बैंक को ई-मेल भेजा तो बैंक मेल नहीं मिलने की कह रहे है। इस स्थिति में विधवा काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है । इस कार्य में ग्रामीणों विधवा की मदद कर सहायता पहुंचा रहे है।

# प्रदेश में 98 लाख रूपए से अधिक की विदेशी मदिरा जब्त

उदयपुर। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए 16 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रदेश में 98 लाख 19 हजार 854 रूपए मूल्य की भारत निर्मित विदेशी मदिरा जब्त की गई। इसी क्रम में 10 लाख 64 हजार 117 रूपए की देशी मदिरा एवं 5 लाख 55 हजार 486 रूपए मूल्य की बीयर जब्त की गई।

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी



अभियान के दौरान प्रदेश में 4 लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट की।

कार्यवाही की गई है। प्रदेश में 16 अक्टूबर से जारी अभियान की अवधि में आबकारी निरोधक दलों द्वारा 4 लाख 3 हजार 243 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में देशी मदिरा की 5807 बोतल जब्त की गई जिसका मूल्य 10 लाख 64 हजार 117 रूपए है। भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 16449 बोतल जब्त की जिसका मूल्य 98 लाख 19 हजार 854 रूपए है। बीयर की 5730 बोतल जब्त की जिसका मूल्य 5 लाख 55 हजार 486 रूपए है। हथकड़ शराब की 9236 बोतल जब्त की जिसका मूल्य 8 लाख 22 हजार 104 रूपए है। अभियान के

■ 1678 केस दर्ज - 639 गिरफ्तार

दौरान 1 किलोठााम भांग एवं 136 लीटर स्प्रिट भी जब्त किया गया।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 1678 केस दर्ज करते हुए 639 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन में प्रयुक्त 39 दुपहिया वाहन, 8 तिपहिया वाहन, 14 हल्के 4 चार पहिया वाहन, 4 भारी चार पहिया वाहनों सहित 65 वाहनों को सीज किया गया है।

## अवैध पिस्टल से मारी थी दोस्त को गोली

उदयपुर । जिले में प्रतापनगर थाना क्षेत्र के देबारी निवासी युवक प्रताप सिंह देवडा की गोली लगने से मौत के मामले में सोमवार सुबह परिजनों ने मोरचरी में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों ने कहा उनके बेटे की सोची.समझी साजिश के तहत हत्या की गयी है। प्रताप सिंह के दोस्त राजू के साथ आए युवक जिगर जोशी ने उसकी पीठ पर गोली मारी है। गोली गलती से नहीं चली है बल्कि साजिश के तहत प्रताप सिंह की हत्या हुई है। आरोपी जिगर जोशी साथ में अवैध पिस्टल क्यों लेकरआया था।पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पूरे मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। एडि.एसपी उमेश ओझा ने बताया कि देबारी निवासी प्रताप सिंह देवडा की गोली लगने से मौत हुई है। मामला हत्या में दर्ज कर गोली मारने वाले देबारी निवासी जिगर जोशी को गिरफ्तार कर लिया है। जिगर जोशी लॉ थर्ड ईयर का स्टूडेंट है। आरोपी का कहना है कि गोली मजाक में चली है लेकिन मामले में कई ऐसे बिंदू हैं जो संदेहास्पद है।ऐसे में गोली ऐसे मजाक में कैसे चल सकती है और फिर वह पिस्टल भी अवैध थी तो जिगर जोशी वह अवैध पिस्टल किससे और क्यों लाया था पुलिस टीम हर पहलू की गहन जांच कर रही है। मृतक प्रताप सिंह देवडा के पिता के अनुसार बीती देर शाम प्रताप सिंह ने उसके दोस्त राजू को बुलाया था कि खेत पर मोटर लेने जाना है। राजू के साथ ही जिगर जोशी भी आ गया। तीनों खेत पर मोटर निकालने गए, वहां जिगर जोशी ने उसके पास मौजूद पिस्टल से प्रताप सिंह के पीठ पर गोली मार दी। प्रताप सिंह वहीं गिर गया। इसके बाद जिगर जोशी और राजू प्रताप सिंह को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तीन आरोपी

भीलवाड़ा। ऑनलाइन जुआ-सट्टा खिलाकर रुपए वसूलने और धमकाकर चेक-स्टांप हड़पने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों सांवरमल जाट, राजू जाट और राहुल को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच डीएसपी हरजीराम कर रहे हैं। कोतवाल सुनील चौधरी ने बताया कि रजत रांका ने कोतवाली थाने में एक रिपोर्ट दी थी कि आरोपितो ने उसे व्यापार के नाम पर आईडी उपलब्ध कराकर ऑनलाइन जुआ-सट्टा खेलने के लिए मजबूर किया ।

कोतवाली थाना पलिस ने केस दर्ज किया। इसकी जांच डीएसपी एससी एसटी सेल हरजीराम ने की। इन आरोपितों में हरणी महादेव रोड हरणी कलां निवासी सांवरमल उर्फ किशन जाट पुत्र लादूलाल जाट, हरणी महादेव रोड तेजाजी का चौक के पास, हरणीकलां निवासी राजू जाट और हनुमान मोहल्ला सांकड़ा हाल भदादा बाग के पीछे, वीर सावरकर चौक निवासी राहुल गुर्जर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## केमिकल युक्त पानी से हो रही है जमीने खराब

उदयपुर। शहर के समीप ग्राम पंचायत बिछड़ी क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान जिंक प्लांट से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के विरोध में पंचायत भवन में जन सुनवाई हुई। इस जन सुनवाई में ठाामीणों ने अपनी समस्याओं को जन्म प्रतिनिधियों के सामने रखा। जनसुनवाई के दौरान कुराबड़ तहसील के तहसीलदार ब्रिजेन्द्र सिंह पहुंचे। इस दौरान उनके साथ ठााम विकास अधिकारी हरीश सुथार पटवारी गोपाल सिंह मौजूद थे। ठाामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने हिंदुस्तान जिंक प्लांट से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी से खराब होने वाली जमीन ओर उसके बाद लगातार दिए जाने वाले आश्वासन के बारे में जानकारी दी। ठाामीणों ने तहसीलदार को बताया कि पिछले कई वर्षों से हिंदुस्तान जिंक प्रबंधन लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। पूर्व सरपंच कमल सिंह ने बताया कि जिंक प्रबंधन इस क्षेत्र में एक साथ तीन नए प्लांट लेकर आ रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कई सालों से लगातार जिंक प्रबंधन से स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग की जा रही है लेकिन हमारी मांग को दरकिनार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को जिंक प्लांट से निकलने वाली जहरीली गैस की वजह से कई गंभीर बीमारियां हो चुकी है लेकिन जिंक प्रबंधन हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। इसके अलावा केमिकल युक्त पानी की वजह से 1 हजार बीघा से अधिक जमीन खराब हो चुकी है। जिंक प्रबंधन की ओर से ना तो कोई मुआवजा दिया जा रहा है और न ही किसी प्रकार का रोजगार दिया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर तहसीलदार के सामने मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है।

## सार-समाचार

### सुररस से सराबोर हुआ बांसवाड़ा



बांसवाडा । भारत विकास परिषद शाखा माही द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की। 50 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार का गरिमामयी सांस्कृति संध्या को आयोजजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.इंद्रजीत यादव, जिला कलेक्टर, विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ.राजेश भारद्वाज,अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर पूंजी लाल गायरी, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ.जे.कै.तायलिया,उद्योगपति,उदयपुर एवं पूर्व सभापति श्रीजैनेंद्र त्रिवेदा की विशिष्ट उपस्थितिरही।

### आभूषण और नगदी चोरी

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती लूणी तहसील के रोहिचा खुर्द गांव में गुजरी रात चोरों ने दो भाईयों के मकान में सैंध लगाकर वहां से हजारों के आभूषण और नगदी चुरा ले गए। एक भाई का परिवार कर्नाटक में मजदूरी करता है। दूसरा खेतीबाड़ी करने खेत पर गया हुआ था। सुबह आने पर चोरी का पता लगा। लूणी पुलिस ने मौका मुआयना के साथ केस दर्ज किया है। अग्रिम कार्रवाई जारी है। लूणी पुलिस ने बताया कि रोहिचा खुर्द निवासी सांवलराम पुत्र उम्मेदराम पटेल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह खेत पर काम करने गया था। सुबह वापिस आया तो घर में चोरी का पता लगा। अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट के ताले तोड़कर बक्से अलमारी के भी ताले तोड़ दिए। वहां से दो तोला सोने के आभूषण जिनमें नथ- लड़, लूंग जोड़ी, 30 तोला चांदी और 20 हजार रूपए नगद ले गए। उसके घर के पास में ही भाई बिरमराम का मकान बना है। वह कर्नाटक में मजदूरी करता है। उसके घर से दो सौ ठााम चांदी की दो बट्टी, 14 हजार की नगदी चुरा ले गए। लूणी पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। चोरों का पता लगाया जा रहा है। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि भोपालगढ़ के बिराणी निवासी भजनलाल पुत्र तेजाराम विश्रोई की एक दुकान नवीं पाल रोड पर आई है। 30 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोडक़र प्रवेश किया और वहां से 65 हजार की नगदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### रेल कर्मचारियों का प्रदर्शन

अजमेर । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को अजमेर रेलवे स्टेशन पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले रेलवे कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की, मांग पूरी नहीं होने पर रेल का चक्का जाम की चेतावनी दी गई है। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहन चेलानी ने बताया कि सोमवार को रेलवे स्टेशन स्थित रनिंग स्टॉप कार्यालय के बाहर रेल कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। चेलानी ने बताया कि भारतीय रेलवे में रनिंग स्टाफ जिसमें लोको पायलट सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी है, यह कर्मचारी गाड़ी के संचालन के साथ-साथ सुरक्षा सहित अन्य कार्यों भूमिका निभाने हैं, लेकिन भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वाराआदेश जारी कर कर्मचारियों की जितनी भी मांगें व शिकायत है।

## फसल चौपट से प्रभावित किसानों को मिलेगा कृषि अनुदान

■ विधायक कृपलानी की अनुशंसा से छोटीसादड़ी के 160 गांवों के 37 हजार किसानों को मिलेगा लाभ

निम्बाहेड़ा। राज्य शासन के आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा खरीफ फसल वर्ष 2025 (सम्वत 2082) में अतिवृष्टि और बाढ़ से खराब हुई फसलों को देखते हुए निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने छोटीसादड़ी तहसील के 160 गांवों के 37 हजार से अधिक किसानों को लाभ देते हुए प्रतापगढ़ जिले के सभी सातों तहसीलों के कुल 1020 गांवों को प्रभावित घोषित किया है।

फसल खराबे से प्रभावित किसानों की सहायता हेतु भारत सरकार की एसडीआरएएफ नियमों के अनुसार कृषि आदान-अनुदान वितरण की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इसके तहत सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावित किसानों की सूचियां तैयार कर विभागीय पोर्टल डीएमआईएस पर अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

विधायक कृपलानी ने बताया कि राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने विधानसभा क्षेत्र की छोटीसादड़ी तहसील के 160 गांवों में 31 हजार 565 लघु एवं सीमांत किसानों तथा 5 हजार 532 वृहद किसानों को इसका लाभ देते हुए करीब 25 करोड़ 51 लाख 19 हजार की राशि स्वीकृत की है।

कृपलानी ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कृषि आदान-अनुदान के लिए तैयार की गई सूची में प्रत्येक किसान का बैंक विवरण सही हो तथा जिन किसानों के खाते राजस्थान मरुधरा ठाामीण बैंक में मर्ज होने के कारण निष्क्रिय हैं, उनके नवीन खाते खुलवाकर अद्यतन जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। इसके साथ ही विभाग द्वारा अपलोड की गई सूचियों की सॉफ्ट कॉपी ( फॉर्मेट) समय-समय पर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं राज्य सरकार ने अधिकारियों को इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि आदान-अनुदान वितरण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके।

फसल फसल खराबी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी होने पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, छोटीसादड़ी पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़ एवं नगर अध्यक्ष छोटीसादड़ी प्रदीप उपाध्याय सहित भाजपा नेताओं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं जन प्रतिनिधियों एवं किसानों ने पूर्व स्वायत शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा एवं सांसद सीपी जोशी के प्रति आभार जताया है।

## नथ लूट कर फरार हुए बदमाश

भीलवाडा। जिले के रायला थाना क्षेत्र के बेरा बालेसरिया मार्ग पर सोमवार 12 बजे के करीब एक महिला से सोने की नाथ लूटने की सनसनी खेज घटना हुई।र बेरा गांव निवासी 55 वर्षीय रामू देवी पत्नी मांगीलाल गुर्जर सोमवार को खेत में भैंस चराने गई थी इसी बीच बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने रुक बातचीत के तुरंत बाद एक युवक बाइक पर बैठा रहा जबकि दूसरा नीचे उतर कर रामू देवी की लुगड़ी खींचने लगा रामू देवी ने बदमाशों का विरोध किया और उस पर लकड़ी से वार भी किया इसके बाद दोनों के बीच लगभग 30 मिनट तक संघर्ष चलता रहा महिला लगातार मदद के लिए चिल्लाती रही लेकिन आसपास कोई मौजूद नहीं होने के कारण उसकी पुकार सुनाई नहीं दी।

महिला के साथ दो बाइक सवार लुटेरों ने करीब आधे घंटे तक संघर्ष किया और मारपीट कर उसके नाक में पहनी एक तोला सोने की नाथ लूटकर फरार हो गए दिन दहाड़े हुई इस वारदात ने ग्रामीणों मे दहशत फैला दी महिला और लुटेरे के बीच आधे घंटे तक संघर्ष के दौरान बदमाश रामू देवी से मारपीट करता रहा और आखिरकार उसके नाक में पहनी एक तोला सोने की नाथ लूटकर साथी के साथ भीलवाड़ा अजमेर हाईवे की और फरार हो गया ।

## राजस्थान में फेल और मजाक सरकार : पूर्व केंद्रीय मंत्री

अलवर । पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में फेल और मजाक की सरकार है। फिर भी ये मत सोचो कि अपने आप घर बैठे राज आ जाएगा, नहीं आ रहा है। क्योंकि ये (बीजेपी सरकार) साल भर पहले 10 हजार रुपए बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे। कहीं बम फोड़ देंगे। कहीं कुछ और कराएंगे। ये माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमारा वोटर हमारे साथ रहा तो ये कुछ नहीं कर पाएंगे।

ये बात सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांठोस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के कार्यालय पर आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने बिहार चुनावों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाई। पोलिंग से पहले स्पेशल ट्रेनें चलती रही। ये सब इनका षडय़ंत्र का हिस्सा है। दूसरी तरफ बिहार की जनता को विश्वास नहीं हो रहा है, एनडीए जीत सकती है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि जितेंद्र सिंह ने जूली को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया, बल्कि अलवर ग्रामीण की जनता ने बनाया है। जूली तो बहरोड़ के रहने वाले थे। जनता ने इनको अपनाया। पहले जिला प्रमुख बनाया, फिर विधानसभा जीतने के बाद जूली ने छाप छोड़ी। उसके बाद मंत्री बने। मंत्री बनने के बाद भी जनता ने अच्छे वोटों से जिताया, जिसके बाद राहुल गांधी और खडग़े ने इनको पहचानकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष का जिम्मा सौंपा है। यह सब अलवर ठाामीण की जनता के दम पर हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान में भी एसआईआर इतनी जल्दी कराने का कारण यही है कि यहां पंचायत और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। सरकार की हालत खराब है। अंता विधानसभा चुनाव से सरकार की हालत सामने आ चुकी है। जूली ने कहा कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव से पहले वोट काटने की जद्दोजहद है। सरकार ने इसी मंशा के साथ पहले चरण में राजस्थान को शामिल किया है। जूली ने उदाहरण देकर समझाया कि एसआईआर पर क्यों ध्यान रखने की जरूरत है। कहा- मान लीजिए अलवर ठाामीण विधानसभा क्षेत्र में 300 पोलिंग बूथ हैं। यहां हर बूथ से 20 से 30 वोट भी काटते हैं तो 6000 वोट बनते हैं। प्रदेश में पूरा राज इन वोटों से बनता है।

## ग्रामीणों का प्रदर्शन

उदयपुर । उदयपुर में पेराफेरी के गांवों में चल रहे पट्टा विवाद को लेकर सोमवार को पेराफेरी पंचायत जिला संघर्ष समिति के बैनर तले शहर से सटे कई गांवों के लोगों ने सर्व समाज के बैनर तले जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। सभी ने यूडीए की कार्रवाइयों के खिलाफ विरोध जताते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पेराफेरी क्षेत्रों में हजारों परिवार कई दशकों से रह रहे हैं लेकिन यूडीए उन्हें स्थायी अधिकार देने के बजाय लगातार तोडफोड और हटाने की कार्रवाई कर रहा है। 2022 में बडे संघर्ष के बाद 45 पंचायतों को आबादी जमीन यूडीए से पंचायतों के नाम हस्तांतरित करवाई गई थी, लेकिन कई पेराफेरी पंचायतों की फाइलें अब भी अफसरों की मेज पर दबकर पडी हैं।उन्होंने कहा कि उनके गांव पहले पंचायत मे थे तो ज्यादा बेहतर थे। उनको जबरन नगर निगम में लिया गया, अब उनकी सुनवाई तक नहीं हो पा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के आशियाने बिना समाधान के उजाडे जा रहे हैं, जबकि उनकी 2००० से अधिक फाइलें यूडीए दफ्तर में धूल खा रही हैं। सर्व समाज के नेताओं ने कहा कि न्यूनतम दर पर पट्टे जारी करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## बिहार चुनाव के चौंकाने वाले नतीजे सवालों के घेरे में : धर्मेन्द्र राठौड़

■ केंद्र सरकार व चुनाव आयोग पर लगाए बड़े संगीन आरोप

अजमेर । होटल आरटीडीसी अजयमेरू में सोमवार को एसआईआर को लेकर आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बिहार चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि बिहार चुनाव में चौंकाने वाले नतीजे आए, जिससे साफ झलकता है कि केंद्र की मोदी सरकार व चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनाव में कही न कही वोट चोरी हुए है। बिहार चुनाव पूरी तरह से सवालों के घेरे में है। बिहार चुनाव में चुनाव आयोग ने तो हद कर दी, चुनाव की आचार संहिता लगने के बावजूद महिला मतदाताओं के बैंक खातों में दस दस हजार रुपए डाले गए, लेकिन चुनाव आयोग चुपचाप बैठा रहा और कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इससे साफ आशंका है कि बिहार चुनाव में भी केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की मिलीभगत से भारी गड़बड़ी हुई है। राठौड़ ने कहा कि लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने देश में वोट चोरी का मुद्दा गंभीरता से उठाया और वोट चोरी के सबूत पेश किए, बावजूद इसके चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि राजस्थान में गत अशोक गहलोत सरकार के समय महिलाओं को मोबाइल देने सहित अन्य योजनाओं पर चुनाव आयोग ने तुरंत रोक लगा थी। एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान राठौड़ ने अजमेर में एसआईआर की चल रही प्रक्रिया पर संतोष जाहिर किया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ बीएलए सामंजस्य के साथ कार्य कर रहे है, फिलहाल एसआईआर प्रक्रिया सुचारू तरीके से चल रही है। बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, पार्षद नोरत गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, पार्षद हमीद चीता, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक हेमंत जोधा, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, गणेश चौहान, हेमंत जसोरिया, पंकज छोटवानी, राजा जैन, राजेश गोड़ीवाल, आरिफ खान, मुकेश पंवार, विकास चौहान, युनुस शेख, रुस्तम अली घोसी, हरि प्रसाद जाटव, असरफ अली, हेमराज खारोलिया, चिरंजीव सिंह राठौड़, सुवालाल, राम सिंह रावत आदि मौजूद रहे। राजस्थान में डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल : होटल आरटीडीसी अजयमेरू में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की भजन लाल सरकार पूरी तरह से फैल है।

सरकार के दो साल के कार्यकाल में विकास नाम की कोई चीज नहीं हुई, जिससे जनता निराश है। अजमेर में भी विकास के कार्य पूरी तरह से ठप पड़े है। स्मार्ट सिटी के नाम करोड़ों की लागत से बने सेवन वेंडर को तोड़ दिया गया, जिससे भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने जनता के 20 करोड़ रुपए बर्बाद कर दिए गए।

## 28 दिन बाद अजीत का शव लौटा

अलवर । अलवर जिले के कफनवाड़ा गांव का अजीत डॉक्टर बनने का सपना लिए रूस गया था। परिवार ने उसकी पढ़ाई के लिए तीन बीघा खेत बेच दिए थे। 19 अक्टूबर को लापता हुआ अजीत 28 दिन बाद शव बनकर लौटा।

रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे राजस्थान में अलवर जिले के कफनवाड़ा गांव के छात्र अजीत चौधरी की मौत ने परिवार और गांव को शोक में डुबो दिया है। रूस में पिछले करीब एक महीने से लापता चल रहे अजीत का शव सोमवार सुबह फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा।बता दें कि दिल्ली से परिजन और पुलिस टीम उसे लेकर अलवर पहुंचे। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया और फिर मेडिकल बोर्ड की निगरानी में दोबारा पोस्टमॉर्टम किया गया। ताकि मौत की वजह स्पष्ट हो सके।अजीत बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र था। 19 अक्टूबर को उसने आखिरी बार अपने परिवार से फोन पर बात की थी। अगले ही दिन उसके लापता होने की जानकारी सामने आई।

## कुलपति प्रो. सारंगदेवोत का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

उदयपुर । राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के जन्म दिवस पर विद्यापीठ के तीनों परिसरों में कार्यकर्ताओं ने प्रो. सारंगदेवोत का पगडी, उपरणा, माला, स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। सुबह से ही शहर के सामाजिक, राजनेतिक एवं धार्मिक कार्यकर्ताओं का प्रो. सारंगदेवोत के घर पर माला पहनाने वालो का तांता लगना शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। प्रो. सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की प्रतिमा पर नमन कर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक, पौधारोपण भी किया। मुख्य समारोह केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित हुआ जहॉ कार्यकर्ताओं ने 21 की किलो की माला पहना भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि विद्यापीठ के निष्ठावान, समर्पित, ईमानदार कार्यकर्ता संस्था की पूंजी व अभिमान है। संस्था का आज देश ही नहीं , विदेशों में भी अपना नाम अर्जित किया है। संस्था कार्यकर्ताओं की संस्था




कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने 21 किलो की माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

है। संस्थापक जनुभाई कहा करते थे कि सौ पेड लगाना आसान है लेकिन एक कार्यकर्ता तैयार करना बहुत ही मुश्किल है उनके अनुसार संस्था में कार्यकर्ताओं के आने का रास्ता बहुत बडा है लेकिन जाने का रास्ता बहुत छोटा है। संस्था आज देश ही नहीं पूरे विश्व में गुणवत्ता के आधार पर अपना परचम फहराया है, ये सभी कार्यकर्ताओं की ही देन है।

इस अवसर पर कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, बीएन संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रवीण गुर्जर, समाजसेवी विक्रम सिंह देवड़ा, स्मृति देवडा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, महामंत्री डॉ. पंकज बोराणा, भरत भानु सिंह देवडा, जयकिशन चोबे, अरविंद बडाला, समाजसेवी भंवर सेठ, चन्द्रवीर सिंह करेलिया, महेन्द्र सिंह

■ प्रो. सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ रूद्राभिषेक कर किया

पाखण्ड, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. मंजू मांडोत, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. भवानीपाल सिंह, डॉ. कला मुणेत, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. देवेन्द्र सिंह राव, हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. गजेन्द्र माथुर, डॉ. कला मुणेत, डॉ. हीना खान, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. लाला राम जाट, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, पूर्व पार्षद प्रवीण मारवाडी, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. ओम पारीक,सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, कार्यकर्ता व शहर के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनो ने प्रो. सारंगदेवोत का माला पहना कर स्वागत किया गया।



बार-बार बदलाव होने की वजह से खिलाड़ियों को लगता है कि उनकी जगह खतरे में है। यह डर उनकी बल्लेबाजी में भी दिखता है।

– मोहम्मद कैफ

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, भारतीय टीम की हार को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ शुभमन गिल



**दक्षिण अफ्रीका** के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकडन के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा। गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में, भारत के नाम तीन शतकों के बाद सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ़ बनाया था।

## राजस्थान राज्य अंडर-19 शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर, 17 नवंबर। वीकेआईए रिक्रिएशन क्लब, जयपुर में राजस्थान राज्य अंडर-19 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चयन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता जेडीसीए एवं सीपीए



राजस्थान द्वारा आयोजित की गई तथा राजस्थान शतरंज एसोसिएशन के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पुष्प कुमार स्वामी, सचिव, वीकेआईए, संजय खोज, अध्यक्ष, वीकेआईए रिक्रिएशन क्लब कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। ग्रुप (गर्ल्स एवं ओपन) के टॉप चार प्लेयर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, अपने कपड़े का नाम रोशन रखा। ये सभी खिलाड़ी अब दिसंबर 2025 में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंडर-19 शतरंज प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफल आयोजन में सीपीए राजस्थान की टीम, रेजिया आयोजन सचिव राजेंद्र अरोड़ा, जिनेश जैन एवं अरविंद चावला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही आर्बिटर्स टीम अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर जयेंद्र चौधरी, मुकेश गुर्जर ने आर्बिटर्स टीम की सुरक्षा की।वीकेआईए रिक्रिएशन क्लब ने उत्कृष्ट खेल-स्थल उपलब्ध मशीनरी की पेशकश की, जिसके लिए आयोजक संघों ने सहायक उपकरण पेश किए।

## अंडर-17 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग जयपुर फुटसाल ने जयपुर ब्वॉय को 11-0 से रौंदा

जयपुर, 17 नवंबर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज गादोता फुटबॉल मैदान पर रविवार को अंडर - 17 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025 के तीन



मैच खेले गए राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अंडर - 17 खिलाड़ियों की यह लीग राजस्थान में पहली बार आयोजित की जा रही है। लीग में पहला मैच जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब एवं गवर्नमेंट फुटबाल अकादमी जोधपुर के मध्य खेला गया जिसमें अकादमी जोधपुर 4-1 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से सुरज ने दो गोल किए अर्श, लव ने एक एक गोल किए जयपुर एलिट की तरफ से भीष्म ने गोल किया। दूसरा मैच ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब एवं राजस्थान यूनाइटेड के बीच खेला गया जिसमें ब्रदर्स यूनाइटेड 8- 0 से विजई रहा, ब्रदर्स यूनाइटेड टीम की तरफ से अनिल ने 4 गोल गोल किए एक एक गोल पारस, विनायक, सुरेश, सिंगुलाल गोल किए तीसरा मैच फुटबॉल जयपुर ब्वॉय और गर्ल्स कल्ब एवं जयपुर फुटसाल के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर फुटसाल ने 11-0 से एकतरफा जीत हासिल की, विजेता टीम की तरफ से अक्सरज ने हेट्रिक लगाई रुद्रप्रताप, समर, आदर्श, परधुबन, मानविक, ऋषभ, श्रेष्ठ ने भी टीम के लिए गोल किए हैं तथा एक गोल आत्म घाती हुआ मैच में अमर सिंह राठौड़ ने मैच कमिश्नर तथा रूपेन्द्र, अवकाश, संजय ओर सुनिल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## 11वीं सीनियर राज्य स्तरीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता जयपुर ने जीती

जयपुर, 17 नवंबर। 11वीं सीनियर राज्यस्तरीय कोर्फबाल प्रतियोगिता (दाता रामगढ़) सीकर जिले में आयोजित 14.11.25 से 16.11.25 तक सम्पन्न हुई। फाईनल में जयपुर



ने कोठपुतली को हराया। वहीं उपविजेता कोटपूतली टीम रही फाइनल मुकाबले में जयपुर ने कोटपूतली को 9-7 अंकों से जीत कर खिताब हासिल किया। तीसरे स्थान पर उदयपुर टीम रही। बेस्ट प्लेयर जयपुर की जिज्ञासा व उदयपुर की प्रेरणा शेखावत रही। सेमी फाइनल मैचों में जयपुर ने उदयपुर को 7-3 से हरा कर व कोटपूतली ने हनुमानगढ़ को 5-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि राधेश्याम काम्या व अध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री शेखावत ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार वितरण किया ।

## माखाचेव ने मैडालेना को हराया

नई दिल्ली, 17 नवंबर। यूएफसी 322 के को-मेन इवेंट में शनिवार की रात मैडिसन स्क्वायर गार्डन का माहौल देखने लायक था, जहां इस्लाम माखाचेव और जैक डेला मैडालेना आमने-सामने थे। मौजूद जानकारी के अनुसार, शुरुआत से ही साफ हो गया था कि माखाचेव अपने गेम प्लान के साथ पूरी तरह तैयार आए हैं और उनका लक्ष्य मुकाबले को ग्राउंड पर नियंत्रित करना है, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया है। पहले राउंड में माखाचेव ने एक खूबसूरत टाइमिंग के साथ टेकडाउन हासिल किया और मैडालेना को हाफ गार्ड में बांधे रखा।

# पश्चिमी देश स्पिन से निपटने में भारत से कहीं बेहतर है : अश्विन



नई दिल्ली, 17 नवंबर। रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय बल्लेबाजों में गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की क्षमता की कमी को उजागर करते हुए दावा किया कि अगर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर या पूर्व घरेलू हीरो अमोल मजूमदार, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच और मिथुन मन्हास ऐसी पिच पर स्पिनरों के खिलाफ खेले होते, तो टेस्ट चार दिन तक चलता, जबकि भारत को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

मैं एक ऐसे दौर में एक और मैच में अपनी गर्दन निकालकर कहूंगा, जब स्पिन गेंदबाजी का बखूबी मुकाबला किया जाता था। मैं अमोल मजूमदार और मिथुन मन्हास, जो बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, का नाम लूंगा, और मैं सभी का नाम नहीं लूंगा, बल्कि अपने चरम पर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। इस हार को देखने के बाद, पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन, जिन्होंने पिछले एक दशक में अपनी स्पिन में महारत के साथ टर्निंग ट्रैक पर भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, का मानना है कि पश्चिमी देश स्पिन से निपटने में भारत से कहीं बेहतर हैं। भारत और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच बमुश्किल तीन दिन चला, क्योंकि मेजबान टीम 134 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही और 93 रनों पर ढेर हो गई।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं एक ऐसे दौर में एक और मैच में अपनी गर्दन निकालकर कहूंगा, जब स्पिन गेंदबाजी का बखूबी मुकाबला किया जाता था। मैं अमोल मजूमदार और मिथुन मन्हास, जो बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, का नाम लूंगा, और मैं सभी का नाम नहीं लूंगा, बल्कि अपने चरम पर क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। अश्विन ने आगे कहा कि अगर ये खिलाड़ी स्पिन के ख़िलाफ़ इसी विकेट पर खेलते, तो यह मैच चार दिन तक खिंच सकता था। कुल 16 बल्लेबाज़ों में से सिर्फ़ तीन-चार बल्लेबाज़ ही अच्छी तरह से डिफ़ेंड कर पाए। अगर आपको टर्निंग ट्रैक पर खेलना है, तो स्पिन के ख़िलाफ़ आपका खेल अच्छा होना चाहिए; वरना, ऐसी पिचों पर मत खेलिए।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन में सात्विक और चिराग इस सीजन का पहला खिताब जीतने उतरेंगे

सिडनी 17 नवंबर। भारत की शीर्ष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से सिडनी में शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में वापसी करते हुए इस सीजन का अपना पहला खिताब जीतने मैदान में उतरेंगे। पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में सातवें स्थान पर मौजूद सात्विक और चिराग बीडब्ल्यूएफ 2025 वर्ल्ड टूर में अपने 14 मुकाबलों में से आठ में सेमीफाइनल तक पहुंचे, लेकिन इस सीजन में अपने किसी भी अच्छे प्रदर्शन को खिताब में नहीं बदल पाए हैं।

भारतीय जोड़ी ने साल की शुरुआत में हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन दोनों ही मौकों पर उन्हें उपविजेता से संतोष करना पड़ा था। टूर्नामेंट में पुरुष एकल में, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत, साथ ही उभरते हुए प्रतिभाशाली आयुष शेट्टी, भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे।

### इडेन टेस्ट हार के बाद पिच विवाद

## भारत की मांग वाली परिस्थितियों में खुद को ढाला : बावुमा



नई दिल्ली, 17 नवंबर। पहला टेस्ट खत्म होते ही पूरा क्रिकेट माहौल अचानक बदल गया है। भारत को इडेन गार्डन्स में मिली 30 रन की हार ने न सिर्फ टीम की बल्लेबाज़ी पर सवाल उठाए हैं, बल्कि उस पिच पर भी बड़ी बहस छेड़ दी है, जिसे भारत ने खुद तैयार कराने की मांग की थी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा के बयान ने इस चर्चा को और तेज कर दिया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, मैच के बाद बावुमा ने साफ कहा कि उनकी टीम ने उन परिस्थितियों के हिसाब से खुद को बेहतर ढंग से ढाला, जो असल में भारत ने ही तैयार करवाने का अनुरोध किया था। बता दें कि पिच शुरू से ही काफी सूखी थी और पहले दिन से स्पिनरों की मदद कर रही थी। हालांकि, पिच पर असमान उछाल और अचानक नीचे रहने वाली गेंदों ने बल्लेबाज़ों के लिए खेलना और मुश्किल बना दिया। बावुमा की 55 रन की शांत, धैर्यपूर्ण पारी इस मुकाबले का असली फर्क बनी। जहां भारत के ज्यादातर बल्लेबाज़ तेजी से आउट होते गए, वहीं बावुमा ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते हुए छोटे-छोटे रनों को भी अहमियत दी। गौरतलब है कि भारत की चौथी पारी में सिर्फ 93 रन पर ढह जाना इस मैच का सबसे बड़ा मोड़ रहा है। भारत को उम्मीद थी कि रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव इस पिच का फायदा उठाएंगे, लेकिन कहानी उलटी हो गई।

## एटीपी फाइनल्स 2025 : वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अल्कारेज को हराकर सिनर ने जीता खिताब



नई दिल्ली, 17 नवंबर। ट्यूरिन में इस साल की सबसे चर्चित टेनिस भिड़ंत का आखिरी अध्याय रविवार को खत्म हुआ, जहां यानिक सिनर ने एक बार फिर अपने घरेलू दर्शकों के सामने कमाल दिखा दिया हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, सिनर ने वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अल्कारेज़ को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स 2025 का खिताब जीत लिया हैं। यह इस साल दोनों के बीच छठी भिड़ंत थी और एक बार फिर कोर्ट पर सिनकाराज़ राइवलरी देखने लायक रही हैं।

सिनर ने इस जीत के साथ पिछले साल जीता अपना खिताब भी बचा लिया है। इससे पहले वह अल्कारेज़ को इस साल सिर्फ विम्बलडन फाइनल में ही हरा पाए थे। गौरतलब है कि अल्कारेज़ पहले ही साल का नंबर वन रैंकिंग हासिल कर चुके हैं और पहली बार एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में उतरे थे।

दोनों खिलाड़ियों की राइवलरी इस समय पुरुष टेनिस की सबसे चर्चा में रहने वाली कहानी बन चुकी है। इस साल फ्रेंच ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन तीनों ग्रैंड स्लैम फाइनल इन्हीं दोनों के बीच खेले गए हैं। फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में अल्कारेज़ ने जीत हासिल की, जबकि विम्बलडन में सिनर ने शानदार वापसी की थी। इसके अलावा इटैलियन ओपन और सिनसिनाटी ओपन में भी दोनों की भिड़ंत हुई थी, जहां अल्कारेज़ विजयी रहे थे।

मैच के बाद सिनर ने कहा कि इतनी बड़ी जीत को अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने हासिल करना उनके लिए बेहद खास है। वहीं अल्कारेज़ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह अगले साल भी सिनर के खिलाफ और बड़े मुकाबलों के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले सालों में भी उनके बीच ऐसे कई शानदार मैच देखने को मिलेंगे।

## कुमार संगाकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

जयपुर, 17 नवंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निदेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है।

संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा, ''वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई।''

फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा, ''हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और



क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी।''

इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे।

संगाकारा ने कहा, ''प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिंग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले।''

टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किंग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं।

टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल सिंह राठौर, महेश तीक्षणा और वनिंदु हसरंगा को भी रिलीज या ट्रेड कर दिया है। जडेजा और करन के साथ उन्होंने डोनोवन फरेरा को दिल्ली कैपिटल्स से ट्रेड किया है। आगामी नीलामी में टीम के पास 16.05 करोड़ रुपये की राशि होगी, उन्हें नौ स्लॉट भरने हैं, जिसमें एक विदेशी खिलाड़ी की भी जगह शामिल है।

## भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

लुसाका (जाम्बिया), 17 नवंबर। भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिंग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था।

## लोमरोर, कुणाल, सचिन और कार्तिक के शतक से राजस्थान का विशाल स्कोर





जयपुर 17 नवंबर। कप्तान महिपाल लोमरोर (नाबाद 128), कुणाल सिंह राठौर (102), कार्तिक शर्मा (120) की शतकीय और सचिन यादव (130) की शतकीय पारियों के दम पर राजस्थान ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को सात विकेट पर 570 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। दिन का खेल समाप्त होने के समय दिल्ली ने चार ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये आठ रन बना लिये है और वह अभी राजस्थान के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 562 रन पीछे है।

राजस्थान ने कल के चार विकेट पर 263 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में राजस्थान का पांचवां विकेट जयदीप सिंह (दो) के रूप मे 267 के स्कोर पर गिरा। उन्हें नवदीप सैनी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद सुमित माथुर ने दीपक हुड्डा (36) को आउटकर दिल्ली को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान महिपाल लोमरोर और कार्तिक शर्मा के बीच सातवें विकेट के लिए 225 रनों की साझेदारी हुई। इसे सिद्धार्थ शर्मा ने कार्तिक शर्मा को आउटकर तोड़ा। कार्तिक शर्मा ने 154 गेंदों में नौ छक्के और पांच चौके लगाते हुए 120 रनों की पारी खेली। राजस्थान ने 161 ओवर के बाद सात विकेट पर 570 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

कप्तान लोमरोर 229 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 128 रन बनाये। दिल्ली के लिए सिमरजीत सिंह ने तीन विकेट लिये । नवदीप सैनी को दो विकेट मिले। सिद्धांत शर्मा और सुमित माथुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने चार ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बना लिये है और अर्पित राणा (आठ) और सनत सांगवान (शून्य) नाबाद क्रीज पर मौजूद थे।

## पवन ने विश्व कप ब्राजील चैम्पियन को चौंकाया

ग्रेटर नोएडा, 17 नवंबर। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में भारत का शानदार प्रदर्शन दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। पवन बर्तवाल (55 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) ने टूर्नामेंट के दो सबसे बड़े और चौकाने वाले परिणाम हासिल किए। पवन ने विश्व मुक्केबाजी कप ब्राज़ील के स्वर्ण पदक विजेता अल्टीनबेक नूरसुल्तान को हराया और हितेश ने दो बार के ओलंपियन, 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त सेवोन ओकाज़ावा को एक रोमांचक स्प्लिट डिसीजन वाले मुकाबले में हराया। सुमित (75 किग्रा), नवीन (90 किग्रा) और जदुमणि सिंह (50 किग्रा) की शानदार जीत के साथ यह सुनिश्चित हुआ कि भारत ने दोनों सत्रों में शानदार जीत के साथ पदक हासिल किए।

पवन के लिए, यह क्षण 15 वर्षों की मेहनत का परिणाम था। 2010 के दशक में मुक्केबाजी शुरू करने और चुपचाप आगे बढ़ते हुए, सर्विसेज के इस मुक्केबाज ने विश्व मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। घरेलू समर्थन से प्रेरित होकर, उन्होंने असाधारण रक्षात्मक अनुशासन, चतुर गति नियंत्रण और शानदार सहनशक्ति का प्रदर्शन किया, और भार वर्ग में वरीयता क्रम में दूसरे स्थान पर काबिज नूरसुल्तान को बार-बार कड़ी टक्कर दी और साथ ही आसान मौके भी बनाए।



## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की 24 को एसएमएस में होगी भव्य ओपनिंग

### खेल मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर, 17 नवम्बर। युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उभरती खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसकी भव्य ओपनिंग सेरेमनी 24 नवम्बर को एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होगी।

खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन से जुड़े सभी विभाग, इवेंट फर्म और एजेंसियाँ आपसी समन्वय, बेहतर तालमेल और समयबद्धता के साथ सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करें ताकि देशभर से आने वाले एथलीट राजस्थान की 'अतिथि देवो भव' की छवि अपने साथ लेकर जाएँ।

खेल मंत्री कर्नल राठौड़ सोमवार को एसएमएस स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कैटरिंग, आवास, परिवहन, ऑपरेशंस तथा मैनपावर प्लानिंग आदि कार्यों की प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट आतिथ्य, भोजन, परिवहन, आवास और चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, खिलाड़ियों के लिए होटल में सहज और त्वरित चेक-इन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस आयोजन में राज्य के खेल प्रतिभाओं, युवाओं व आमजन को अधिक से अधिक भागीदार बनाने तथा समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा आमजन के लिए उचित बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएँ समय रहते तैयार करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए नगर निगम व अन्य संस्थाओं को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। ओपनिंग सेरेमनी में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा देशभक्ति व राजस्थानी गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ, ड्रोन शो, पुलिस बैंड तथा सेल्फी पॉइंट प्रमुख आकर्षण होंगे।

युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर के लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। 12 दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में 24 खेलों में 7 हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। साथ ही, 23 हजार से ज्यादा दर्शक स्टेडियम में इस आयोजन के साक्षी बनेंगे।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप

रावलपिंडी, 17 नवंबर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5.2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया।

# सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग आगाज, मलखंभ प्रदर्शन, मार्च पास्ट के साथ शुरुआत

जयपुर, 17 नवंबर। राजधानी के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ इस मौके पर मलखंभ के शानदार प्रदर्शन के साथ स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट कर सलामी ली औऱ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उद्घाटन के अवसर पर शहर सांसद मंजू शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधि मंत्री जोगाराम पटेल,,विधायक कालीचरण सराफ, कैलाश वर्मा सहित अन्य नेता और खिलाड़ी मौजूद थे। इस दौरान पूरा इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों और स्कूली बच्चों से खचाखच भरा हुआ था। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खेल महोत्सव के आगाज के बाद खिलाड़ियों को खेल महोत्सव के नियमों और विधियों का पालना करते हुए सच्ची खेल भावना से शामिल होने की शपथ दिलाई ।

### मलखंभ का अचरज भरा प्रदर्शन

इस दौरान बच्चों और युवाओं ने मलखंभ का अचरज भरा प्रदर्शन किया। मलखंभर उन्होंने विभिन्न प्रकार की मुद्राएं बनाकर शरीर संचालन और शक्ति का अद्भुद नजारा साकार किया। इससे पहले उपस्थित अथितियों ने मार्च पास्ट सलामी ली। गणेश वंदना के साथ ही अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

### ये खेल किए गए हैं शामिल

सांसद खेल महोत्सव में तीरंदाजी, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वालीबॉल, हॉकी, फुटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती जैसे अंतराष्ट्रीय- राष्ट्रीय खेलों के साथ ही स्थानीय स्साकसी, मलखंभ, सितोलिया,व्यायाम और निम्बू और चम्मच दौड़





आदि सहित 27 खेलों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि यह खेल महोत्सव लोगों में खेल भावना विकसित करने के लिए है। हम जब खेल खेलते हैं तो शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर समाज के साथ जुड़ाव बढ़ता है, अनुशासन आता है।। जब भारत अंतरराष्ट्रीय खेल खेलता है तो पूरा देश जांत पांत ऊंच नीच जाति सम्प्रदाय का भेद भुलाकर सारे भारतीय की जीत के लिए प्रार्थना दुआ करते है।

सांसद खेल महोत्सव के लिए प्रधानमंत्री का आभार। इसका उद्देश्य उन प्रतिभाओं को तरसना है जिनके पास मैदान नहीं है, जिन्हें मंच नहीं मिला और साधनों का अभाव रहा। इन खेलों के माध्यम से उन्हें तलाश करके मेडल लाने के लिए तैयार किया जाएगा। खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों से कहा की जब हम खेलते हैं तो उस क्षण में जीते हैं। गाड़ियां, कपड़े बदले जा सकते हैं लेकिन शरीर नहीं। इस एक शरीर को मजबूत बनाना और लक्ष्य पाना है। शरीर को मजबूत बनाना है तो पहले दिमाग को मजबूत बनाना होगा । शरीर को मजबूत करने के लिए हर रोज अपने साथियों के साथ खेलो

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा हम भी सांसद रहे लेकिन हमारे कार्यक्रमों में इतनी भीड़ नहीं आई जितनी आज आई है। सांसद खेल महोत्सव में देशभर में प्रतिभाओं को तलाशने का काम किया जा रहा है। देश के गांव ढाणी से प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाया जाएगा । हर व्यक्ति के जीवन में जीत भी होती है हार भी होती है। जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेलों में भाग लेना। देश विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है।

# राजस्थान 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दे रहा है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक को संबोधित किया

जयपुर, 17 नवम्बर। सोमवार को फरीदाबाद में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को

- **केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पंजाब के राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली व लद्दाख के उपराज्यपाल तथा हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों ने भी भाग लिया।**

कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली देने के संकल्प के तहत, 22 जिलों में दिन में बिजली दे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थापित क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। राज्य में पीएम कुसुम योजना कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट-सी में 2 हजार 215 मेगावाट क्षमता के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक में भाग लिया।*

साथ ही, आरडीएसएस के तहत, 33 केवी के 151 सब स्टेशनों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है तथा 11 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में पुलिस मोबाइल यूनिटों की संख्या बढ़ाने से औसत प्रतिक्रिया समय 21 मिनट से घटकर अब लगभग 13 मिनट पर आ गया है। इसी प्रकार पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों के निस्तारण में लगने वाला औसत समय घटकर 58 दिन व बलात्कार प्रकरणों के निस्तारण का औसत समय घटकर 48 दिन रह गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा के तहत 88 प्रतिशत आबादी का कवरेज हो चुका है, जो देश में सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्म दूध पिलाया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में राजस्थान में सहकारिता में अभूतपूर्व काम हुआ है। राज्य ने भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता प्राप्त करने में देश में प्रथम स्थान अर्जित किया है।

उन्होंने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्यों की संख्या 2 से बढ़ाकर 4 करने से राजस्थान को लाभ मिला है।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उपस्थित थे।

## 'स्पीकर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जस्टिस गवई ने कहा कि यह उन्हीं (अध्यक्ष) पर निर्भर है कि वे इस मामले का फैसला करना चाहते हैं या अदालत की अवमानना का सामना करना चाहते हैं। यह अदालत की गंभीर अवमानना है। सीजेआई ने यह भी कहा कि अध्यक्ष को 31 अक्टूबर तक निर्णय लेना था।उन्होंने कहा, अगले सप्ताह तक फैसला कर दीजिए या अवमानना का सामना कीजिए। यह उन्हीं को तय करना है। हम पहले ही कह चुके हैं कि दसवीं अनुसूची से जुडे मामलों में अध्यक्ष को संवैधानिक प्रोटेक्शन प्राप्त नहीं है। उन्हें खुद तय करना होगा कि वह अपना न्यू ईयर ईव कहां बिताना चाहते हैं। गवई के सामने अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी अध्यक्ष की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने आश्वासन दिया कि अध्यक्ष दो सप्ताह के भीतर फैसला कर देंगे।

## आतंकवाद को बढ़ावा जारी रखा तो सेना पाकिस्तान को सबक सिखायेगी

नयी दिल्ली, 17 नवम्बर। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, "मैं कहना चाहूँगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ़ ट्रेलर दिखाया गया। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है।




*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने टोंक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित किया।*

# केन्द्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को कमज़ोर करने का काम किया- पायलट

## उन्होंने टोंक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया

टोंक, 17 नवम्बर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्वभर में भारत के लोकतंत्र की मिसाल दी जाती थी।

पहले के समय में निर्वाचन आयोग पहाड़ों पर, रेगिस्तान में, सरहद पर, जहां गांव-ढाणी में यदि एक, दो वोट ही होते थे, तो भी उन तक पहुंचने के लिए मीलों पैदल चलकर जाता था, ताकि वहां रहने वाला एक भी व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाये, इस भावना के साथ चुनाव आयोग काम करता था। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब संस्थाएं मजबूत होती हैं, परन्तु आज केन्द्र की भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं में सेंधमारी करके लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है।

- **पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सक्रिय रहकर सतर्कता के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में प्रभावी भूमिका निभायें।**

सचिन पायलट ने आज टोंक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये कांग्रेस पार्टी के बीएलए के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कई राज्यों की मतदाता सूचियों की जांच करवाकर उनमें पायी गई त्रुटियों को उजागर किया है। ये त्रुटियां अनजाने में नहीं हुई हैं, ये जान-बूझाकर साजिशन की गई गलतियां हैं।

पायलट ने कहा कि हमें सक्रिय रहकर सतर्कता के साथ मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

कार्यक्रम के बाद पायलट ने टोंक में नवनिर्मित गहलोद पुल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि गहलोद पुल, न्यू हॉस्पीटल सहित टोंक के वृहद प्रोजेक्ट निर्मित होकर तैयार हैं। उन्होंने प्रशासन से कहा कि सरकार से आग्रह करके तैयार प्रोजेक्ट्स का शीघ्र लोकार्पण कर जनता को सुपुर्द करें।

## नीतीश ने मुख्यमंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बता दिया है कि मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर "कोई दूसरा विचार" नहीं है। इस बात को साफ कर देने का उद्देश्य यह है कि किसी अंदरूनी खींचतान में या अंतिम समय पर किसी भाजपा नेता का नाम आगे बढ़ाने के दबाव की कोई गुंजाइश न रहे।

और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि जेडीयू ने अगली गठबंधन सरकार बनाने के लिए भाजपा के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। इनमें शामिल हैं:

जेडीयू का स्पीकर पद पर दावा, जिसे विधानसभा की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बहुत अहम माना जा रहा है। जेडीयू के लिए एक उपमुख्यमंत्री पद, ताकि सरकार की संरचना में उसकी पकड़ मजबूत रहे।

बिहार के लिए तुरंत विशेष आर्थिक पैकेज, ताकि विकास संबंधी वादे और एनडीए के घोषणापत्र में दिये गए आश्वासन पूरे किए जा सकें।

ये मांगें जेडीयू के अंदर एक रणनीतिक बदलाव का संकेत देती हैं, जिससे लगता है कि नीतीश कुमार, जिन्होंने पार्टी को बड़ी चुनावी जीत दिलाई है, अब पहले की तरह भाजपा के दबाव में काम करने को तैयार नहीं हैं। दूसरी ओर, नीतीश का इस्तीफ़ा न देना और भाजपा के साथ उनके बदलते समीकरणों ने संभावित राजनीतिक फेरबदल की अटकलों को तेज़ कर दिया है। महागठबंधन (एमजीबी), जिसने 35 सीटें जीती हैं, और एआईएमआईएम के पांच विधायक, दोनों ने ही नीतीश को खुली पेशकश की है कि यदि वे भाजपा से अलग होना चाहें तो उन्हें समर्थन दिया जाएगा।

हालांकि संख्या बल अभी भी एनडीए के पक्ष में है, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि त्वरित एवं अप्रत्याशित रुप से पाला बदलने के इतिहास वाले नीतीश के लिये कुछ भी असम्भव नहीं है। विपक्ष की समर्थन देने की पेशकश, भले ही अभी अनुमान पर आधारित है, लेकिन इससे भाजपा पर जेडीयू की बात मानने का दबाव और बढ़ गया है।

अपना इस्तीफ़ा रोककर रखने का नीतीश कुमार का फैसला साफ़ तौर पर चुनाव बाद की बातचीत में सौदेबाज़ी की ताकत बढ़ाने का समझा -सोचा तरीका लगता है। इस अनिश्चितता ने पटना में राजनीतिक माहौल को बेहद तनावपूर्ण बना दिया है, जहां नीतीश के मित्र दल और विरोधी, दोनों ही उनके अगले कदम का इंतज़ार कर रहे हैं।

बिहार के हालात पर करीब से नज़र रखने वालों का मुख्य सवाल यही है, क्या नीतीश कुमार एनडीए में अपनी अथॉरिटी और बढ़ा रहे हैं, या कोई बड़ा राजनीतिक खेल करने की तैयारी में हैं?

# सुप्रीम कोर्ट ने धर्मान्तरण विरोधी कानून पर राजस्थान सरकार को नोटिस भेजा

## यह नोटिस जयपुर कैथलिक वैलफेयर सोसायटी की याचिका पर जारी किया गया है

नयी दिल्ली, 17 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान गैरनानूनी धर्मांतरण निषेध कानून 2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को राजस्थान सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने जयपुर कैथोलिक वेलफैयर सोसाइटी की याचिका पर राज्य और अन्य से जवाब मांगा है। सोसाइटी की याचिका में इस कानून की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने न्यायालय को अवगत कराया, "हमने विधायी क्षमता के साथ-साथ संवैधानिक सीमाओं के संदर्भ में अधिकता का मुद्दा भी उठाया है।"

पीठ ने कहा कि इसी तरह के मामले पहले से ही शीर्ष न्यायालय में विचाराधीन हैं। इस पर धवन ने कहा कि वर्तमान याचिका एक बिल्कुल अलग सवाल उठाती है। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, "हम नोटिस जारी करेंगे और दूसरे पक्ष को बुलाएंगे, और फिर हम आपकी बात सुनेंगे।"

अदालत ने नोटिस जारी किया और मामले को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न कर दिया।

मामले की सुनवाई चार सप्ताह के बाद होगी।

- **मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के कई प्रावधानों की वैधता को चुनौती दिए जाने पर 3 नवम्बर को भी राजस्थान सरकार को नोटिस भेजा था।**

गत 03 नवंबर को शीर्ष न्यायालय ने इसी कानून के कई प्रावधानों को चुनौती देने वाली दो अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताई थी और राजस्थान सरकार से चार हफ्तों के भीतर जवाब मांगा था। वर्ष 2025 का अधिनियम राजस्थान राज्य विधानसभा ने सितंबर में पारित किया था।

सितंबर 2025 में शीर्ष न्यायालय की एक अन्य पीठ ने भी कई राज्यों से उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब मांगे थे। न्यायालय ने कहा था कि जब संबंधित राज्य अपना जवाब दाखिल कर देंगे, उसे बाद ही ऐसे कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के किसी भी अनुरोध पर विचार किया जाएगा। लंबित याचिकाओं में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ , गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में लागू किए गए मिलते-जुलते धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। मामले पर सुनवाई याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद होगी।

## तेजस्वी को सर्वसम्मति से राजद विधायक दल का नेता चुना गया

पटना, 17 नवंबर। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने तेजस्वी प्रसाद यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया है।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बताया कि पार्टी की आज की समीक्षा बैठक में तेजस्वी यादव ने विधायक दल के नेता का पद छोड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने उन्हें एक सुर से नेता चुन लिया।

यादव ने बताया को आज की बैठक में चुने हुए विधायकों को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन को करीब एक करोड़ 85 लाख वोट मिले हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि मतदाताओं ने उसे नकारा नही है। उन्होंने कहा कि मतदान से पहले सत्ता पक्ष ने अपनी लुभावनी योजनाओं और महिलाओं के खाते में पैसे भेज कर इसकी दिशा मोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी पार्टी के 90 प्रतिशत उम्मीदवारों का जीत जाना संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस पर नजर रखेगी और लोगों के बीच जा कर चुनाव आयोग के नकारात्मक कार्यों से जनता को अवगत कराएगी।

## ट्रंप का दबाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का बचाव करते हुए कहा कि इस सौदे से पश्चिम एशियाई आपूर्तिकर्ताओं पर भारत की पारम्परिक निर्भरता कम होने की उम्मीद है, क्योंकि देश, बेहतर कीमतों की तलाश में आयात स्त्रोतों में विविधता लाने पर विचार कर रहा है।

भारत में घरों में एल.पी.जी. की बिक्री का बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा सब्सिडी पर दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने एल.पी.जी. की पहुँच बढ़ाने के लिए गरीब और ग्रामीण परिवारों को गैस सुविधा देने पर जोर दिया है, ताकि वे परंपरागत और प्रदूषणकारी ईंधनों का उपयोग छोड़ सकें। अमेरिकी एल.पी.जी. के लिए यह टर्म डील ऐसे समय में हुई है, जब भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयास में दोनों देशों के बीच ट्रेड सरप्लस कम करना चाहता है। व्यापार तनाव और भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल के भारी आयात के बीच, डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने अधिकतर भारतीय सामानों पर कुल 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिए थे। भारत और अमेरिका अब इन टैरिफ़ों को कम करने के प्रयास में बातचीत कर रहे हैं। भारत सरकार के सूत्रों ने संकेत दिया है कि वॉशिंगटन के साथ समझौता करने के लिए भारत अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ा सकता है। पिछले कुछ महीनों में भारतीय रिफाइनरियों ने अमेरिका से तेल आयात बढ़ाया है, जिसे इस बात का संकेत माना जा रहा है कि व्यापार समझौते पर वार्ताओं के बीच नई दिल्ली और अधिक अमेरिकी ऊर्जा खरीदने के लिए तैयार है।

फरवरी में, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात हुई, ट्रंप ने कहा था कि भारत और अमेरिका, वॉशिंगटन को "भारत के लिए तेल और गैस का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता" बनाने की दिशा में कदम उठाने पर सहमत हुए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा कम करने में मदद मिल सकती है। ट्रंप ने यह भी जोड़ा था कि उम्मीद है कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा तेल और गैस आपूर्तिकर्ता बनेगा। नवंबर में, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत ऊर्जा का बड़ा आयातक है और आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य में अमेरिका की "बहुत बड़ी भूमिका" होगी।

गोयल ने न्यूयॉर्क में "भारत-अमेरिका स्ट्रैटेजिक फ़ोरम" इवेंट में कहा था, "दुनिया मानती है कि ऊर्जा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें हम सबको मिलकर काम करना होता है। भारत ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी है। हम दुनिया भर से, जिसमें अमेरिका भी शामिल है, ऊर्जा का बड़ा आयात करते हैं। हम आने वाले वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिका के साथ अपने व्यापार को बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार होने के नाते, हमारी ऊर्जा सुरक्षा में अमेरिका का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।"

भारत दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और उसकी लगभग 88 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी होती है। हमारा देश लिक्विफाइड नैचुरल गैस (एल.एन.जी.) के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, हमारी प्राकृतिक गैस की लगभग आधी मांग आयात से पूरी होती है। पिछले कुछ वर्षों में, अमेरिका भारत के लिए कच्चे तेल का पाँचवाँ सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा है। वह भारत का दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता भी है। अगर एल.एन.जी. की बात करें तो भारत की 60 प्रतिशत से अधिक जरूरत आयात से पूरी होती है।

## बांग्लादेश की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(आई.सी.टी.) का गठन, बिना किसी वैध अधिकार और अधिकार क्षेत्र के, मनमाने तरीके से किया है। उन्होंने आई.सी.टी. के फैसले को मानने से इनकार कर दिया है और इसे रद्द करने की मांग की है।

हसीना का कहना है कि अधिकारियों ने निष्पक्ष सुनवाई नहीं की और उन्हें अपना बचाव करने का मौका भी नहीं दिया। जिस तथाकथित अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल ने फैसला दिया, उसमें किसी अंतरराष्ट्रीय न्याय संस्था का कोई प्रतिनिधि नहीं था और न ही उसका कोई कानूनी आधार था।

उन्होंने कहा कि यह ट्रिब्यूनल सिर्फ इसलिए बनाया गया है, ताकि अंतरिम सरकार की नाकामियों से ध्यान हटाया जा सके और छात्र आंदोलन के दौरान और उसके बाद हुए अत्याचारों के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाया जा सके। हसीना ने साफ कहा कि उन्होंने कभी भी छात्र आंदोलनकारियों की हत्या के लिए कोई आदेश नहीं दिया।

आंदोलन, और हसीना के भारत आने के बाद देश में आगजनी, हत्या और अराजकता की लहर फैल गई थी। अवामी लीग के कई नेताओं और मंत्रियों पर हमले हुए और कुछ की बेरहमी से हत्या की गई। इमारतों को आग लगा दी गई और सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। नए फैसले ने देश में अल्पसंख्यकों और अवामी लीग के प्रति निष्ठा रखने वाली राजनीतिक संस्थाओं और राजनीतिक नेताओं पर हिंसा और हमले की आशंका बढ़ा दी है। देश संकट के कगार पर है और हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और राजनीतिक ताकतों के टकराव की आशंका है। जानकारों को यह भी भय है कि कट्टरपंथी इस्लामी तत्व फिर सक्रिय हो सकते हैं।

अंतरिम सरकार ने अवामी लीग को अगली संसद की चुनावी प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर कर दिया है। यह वही पार्टी है, जिसने पाकिस्तान से बांग्लादेश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया था और लंबे समय से वहां की कट्टरपंथी इस्लामी ताकतों के हमलों का सामना कर रही है।

इन ताकतों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपिता, शेख मुजीबुर रहमान, पर भी हमला किया था, जिन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पाकिस्तान सरकार ने कैद कर रखा था। बाद में यही कट्टरपंथी समूह एकजुट हुए और मुजीबुर रहमान और उनके पूरे परिवार की हत्या के बाद, सेना द्वारा तख्तापलट कराया गया।

मुजीबुर रहमान और उनके परिवार की हत्या के समय शेख हसीना भारत में थीं, जिससे उनकी जान बच गई। लेकिन अब यदि वे अपने देश लौटती हैं, तो उन्हें न्यायिक हत्या का सामना करना पड़ सकता है।

## सऊदी अरब में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तेलंगाना सरकार ने सऊदी अरब में हुए बस हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को पांच लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। कैबिनेट ने यह भी फैसला किया है कि घटना से जुड़े सभी आवश्यक समन्वय और प्रक्रियाओं के लिए राज्य की एक सरकारी टीम सऊदी अरब भेजी जाएगी। इस टीम का नेतृत्व राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अज़हरुद्दीन करेंगे। टीम में एआईएमआईएम के एक विधायक और अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

# मैडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर करोड़ों रूपए ठगने वाला गिरफ्तार

## आरोपी खुद को नीट परीक्षा की सलैक्शन कमेटी का मैम्बर बताकर अभ्यार्थियों से पैसा ठगता था

जयपुर, 17 नवम्बर। श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर करोड़ों रुपए ठगने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार शातिर आरोपी अपने आपको नीट परीक्षा में सलेक्शन कमेटी का मेम्बर बता कर सम्पर्क करता था और रुपए वापस मांगने पर सीबीआई अफसर का फेक लैटर भेजकर धमकाता था। पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर अलवर जेल से गिरफ्तार करके लाई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में आरोपी विवेक कुमार उर्फ विनीत जोशी उर्फ राहुल उर्फ राहुल गुप्ता (32) निवासी सिवान बिहार, हाल में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) निवासी को गिरफ्तार किया है। अलवर पुलिस ने पिछले दिनों आपराधिक मामले में गिरफ्तार कर उसे अलवर जेल भेजा था। अलवर जेल में बंद जालसाज को श्याम नगर थाना पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लेकर आई है।

- **पुलिस के अनुसार, आरोपी विवेक कुमार के खिलाफ राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व मध्य प्रदेश में करोड़ों रूपए की ठगी के मामले दर्ज हैं।**

राजस्थान के अलावा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुरुग्राम व मध्य प्रदेश में उसके खिलाफ करोड़ों रुपए की ठगी के मामले दर्ज हैं। ठगी की रकम को वह 100 से अधिक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर चुका है। पुलिस पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई गई है।

थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि थाने में निर्माण नगर निवासी महेश चन्द अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी बेटी ने नीट का एग्ज़ाम दिया था। मार्च, 2023 में उसके मोबाइल पर वॉट्सएप कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद का नाम विनीत जोशी बताते हुए कहा कि वह नीट के एग्ज़ाम में सलेक्शन कमेटी का मेम्बर है। अपना रजिस्ट्रेशन नंबर बताते हुए, कहा कि वह उसकी बेटी का एनआरआई कोटे की सीट पर कॉलेज में एमबीबीएस के लिए एडमिशन करवा देगा। सीट रिजर्व करने की कहकर जालसाज ने 5.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। एडमिशन नहीं होने पर रुपए वापस मांगने पर वो सीबीआई ऑफिसर का फेक आईडी कार्ड लैटर भेजकर धमकाने लगा। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की और आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर अलवर जेल से गिरफ्तार किया।

## दिल्ली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर ड्रोन में संशोधन करके और घातक कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट बनाने का प्रयास करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की थी।

## चुनावी हार के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रतिनिधि की तरह चलाने में उनकी भूमिका पर है।

परिणाम आने के अगले दिन कुछ नेताओं की बैठक हुई, ये वही लोग थे, जो टिकट बांटने, बड़े फैसले लेने और खुद को पार्टी के मालिक की तरह पेश करने में शामिल रहे। इनमें अजय माकन, वेणुगोपाल, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल थे।

कल राहुल ने उन 12 राज्यों की बैठक बुलाई है, जहां एसआईआर लागू किया जा रहा है, और वहां के पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं को तलब किया गया है।

बिहार की हार से ध्यान हटाने का इससे अच्छा तरीका क्या हो सकता है कि सीधे एसआईआर पर चर्चा शुरू कर दी जाए?

जबकि सबको पता है कि इन राज्यों में कांग्रेस की कोई स्थिति नहीं है और वह कुछ भी करने की हालत में नहीं है।

## राज्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चंद्र शर्मा व अन्य ने खंडपीठ के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 24 सितंबर को खंडपीठ के फैसले पर यथा स्थिति के आदेश देते हुए प्रकरण को तीन माह में तय करने को कहा था। खंडपीठ में इन अभ्यर्थियों की अपील पर 24 नवंबर को सुनवाई होनी है।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908